●वर्ष : 16 ●अंक : 107 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 05 अगस्त 2024

# दिल्ली वाया शामली सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन के दो कोच हुए बेपटरी

### » देरी से पहुंची सहारनपुर ट्रेन

घटना रविवार की दोपहर करीब पौने दो बजे की है। दिल्ली से वाया शामली सहारनपुर के बीच संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 01619 ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से सहारनपुर स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन के सहारनपुर पहुंचने का समय सुबह 10.55 बजे का है, लेकिन रविवार को ट्रेन दोपहर 12.26 बजे सहारनपुर पहुंची।

## मौके पर मची भगदड़



नूना न्यूज एजेंसी

**सहारनपुर।** रेलवे स्टेशन पर उस समय हडकंप मच गया जब दिल्ली वाया शामली सहारनपुर आई मेमू पैसेंजर ट्रेन बेपटरी होने की सूचना मिली। आनन-फानन में रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया। गनीमत रही कि हादसे में किसी जान और माल की हानि नहीं हुई।

स्टेशन पर ट्रेन के खाली होने के बाद ट्रेन के खाली कोचों को वाशिंग लाइन ले जाया जा रहा था। खाली ट्रेन जैसे ही शारदा नगर मैदा मिल पुल के करीब पहुंची तो ट्रेन के दो कोच तेज धमाके जैसी आवाज के साथ पटरी से उतर गए। चूंकि इस क्षेत्र के पास घनी आबादी है तथा तेज धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तथा वहां भारी भीड़ जुट गई। लोको पायलट ने हादसे की सूचना कंट्रोल रूम को दी तो सायरन बज गए तथा रेल अधिकारी दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। साथ ही सेफ्टी विभाग व मेंटिनेंस कर्मचारियों व अधिकारियों ने मिलकर ट्रेन को ट्रैक पर लाने का प्रयास शुरू कर दिया और जैक के जरिए कोच को उठाकर पटरी पर लाया जा रहा है। खासबात यह है कि हादसा ट्रेन के मेन लाइन पर ना होने के कारण रेल संचालन प्रभावित नहीं हुआ है। बेपटरी हुए कोच को पटरी पर लाने का कार्य शाम तक जारी था। वाशिंग लाइन पर मेमू पैसेंजर ट्रेन डिरेल हुई है तथा किसी तरह की जन हानि नहीं हुई है। दुर्घटना के कारणों के जांच की जा रही है। हादसा किन कारणों से हुआ इसकी जांच की जाएगी, दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

### » सांसद इमरान मसूद मौके पर पहुंचे

पैसेंजर ट्रेन के बेपटरी होने की सूचना मिलते ही सांसद इमरान मसूद भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इमरान ने कहा कि देश में हर रोज ट्रेन हादसे हो रहे है तथा हादसों के कारण लोग ट्रेन में सफर करने से डरने लगे है। उन्होंने रेल मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्रीय रेल मंत्री बड़े दावे करते रहे है जबकि उन्हें रेल हादसों पर रोक के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### » पहले भी हो चुकी कई बार दुर्घटना

शारदा नगर मैदामिल फाटक के निकट हादसे की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार खाली ट्रेन व मालगाड़ी यहां बेपटरी हो चुकी है। करीब डेढ वर्ष पूर्व नौचंदी एक्सप्रेस को वाशिंग लाइन से प्लेसमेंट देने को लाते समय कोच पटरी से उतरे थे। इसके अलावा करीब दो वर्ष पूर्व खाली मालगाड़ी के कई कोच इसी मार्ग पर पटरी से उतरे थे। सात वर्ष के दौरान इस मार्ग पर पांच बार हादसे हो चुके है। यह स्थिति तब है जबकि यहां के कांटे व लाइन का व्यापक सुधार कराया जा चुका है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का जहर अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्ण की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह चंडीगढ़ में ई-साक्ष्य, ई-समन प्रणाली का उद्घाटन करेंगे

नूना न्यूज एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चंडीगढ़ में आपराधिक न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए निर्मित ई–साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई–समन प्रणालियों का रविवार को उद्घाटन करेंगे। शाह स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली लोगों को शीघ्र और समय पर न्याय प्रदान करने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाएगी। चंडीगढ़ में हमारे आपराधिक न्याय तंत्र को मजबूत करने के लिए बनाई गई ई–साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई–समन प्रणालियों का उद्घाटन होगा। यह पहल एक जुलाई से लागू हुए नये आपराधिक कानूनों के तहत की गई है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने औपनिवेशिक युग की क्रमश: भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। मनीमाजरा जलापूर्ति परियोजना 75 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की जा रही है और इससे क्षेत्र में रहने वाले एक लाख से अधिक निवासियों को लाभ होगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, इस परियोजना का उद्देश्य निरंतर उच्च दबाव आपूर्ति के माध्यम से इसके भंडारण को कम करके पानी की बबार्दी को रोकना है। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अन्य उद्देश्यों में रिसाव में कमी, स्मार्ट मीटरिंग, भूजल पर सीमित निर्भरता और ऊर्जा खपत की निगरानी के माध्यम से जल संवर्धन शामिल है।

### सागर में दीवार ढही, नौ बच्चों की मौत



नूना न्यूज एजेंसी

**मध्य प्रदेश।** के सागर जिले के एक गांव में रविवार को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में नौ बच्चों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सागर के मंडल आयुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने पीटीआई–भाषा को फोन पर बताया कि अब तक मिली सूचना के अनुसार, शाहपुर गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान दीवार ढहने की घटना में 10 से 15 साल के नौ बच्चों की मौत हो गई। रावत ने कहा कि जिला अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# ब्याज दरों में कमी के लिए लंबा हो सकता है इंतजार

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में कमी करने वालों का इंतजार और लंबा हो सकता है। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में भी आरबीआई रेपो रेट को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक रेपो रेट में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त तक होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास आठ अगस्त को एमपीसी के फैसलों की जानकारी देंगे। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बीते सप्ताह हुई बैठक में अपनी ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। साथ ही संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा।

एमपीसी भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है। इसका कारण यह है कि भले ही ब्याज दर 6.5 प्रतिशत (रेपो रेट) तक बढ़ा दी गई हो, लेकिन आर्थिक वृद्धि अच्छी बनी है।बैंक आफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने उम्मीद जताई है कि आगामी नीतिगत समीक्षा में आरबीआई यथास्थिति बनाए रखेगा। महंगाई आज भी 5.1 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है और आने वाले महीनों में इसमें संख्यात्मक रूप से कमी आएगी, लेकिन आधार प्रभाव के कारण यह अधिक बनी रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में उच्च वृद्धि, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 4.9 प्रतिशत की महंगाई के साथ मिलकर यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में रुख बना रही है। उन्होंने कहा कि अगस्त की बैठक में रुख में बदलाव या दर में कटौती की गुंजाइश नहीं लग रही है।




# ईडी की लेह-जम्मू और सोनीपत में छापेमारी

## क्रिप्टो घोटाले में 1 करोड़ रुपये नकद जब्त




नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की श्रीनगर इकाई ने क्रिप्टोकरेंसी घोटाले के सिलसिले में लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में छह स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी ने इस दौरान एक करोड़ रुपये नकद के साथ में आपत्तिजनक दस्तावेज और संपत्ति रिकॉर्ड जब्त किए हैं। ईडी के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरूआत में एआर मीर और अन्य के खिलाफ धन शोधन मामले में छापेमारी की गई थी। ईडी ने एक पोस्ट में कहा कि यह मामला इमोलिएंट कॉइन नाम की नकली क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए झूठे तरीके से प्रभावित करके निर्दोष लोगों को धोखा देने से जुड़ा है। ईडी के मामले की जानकारी देते हुए कहा है कि 2 अगस्त को तलाशी अभियान के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्ति के दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और 1 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए।

# शुरू होने वाला है तीसरा विश्व युद्ध? कौन हैं कुशल कुमार

## जिनकी भविष्यवाणी ने मचाई सनसनी




नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच इजरायल-ईरान युद्ध की आशंका गहराती जा रही है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में खूफिया सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ईरान सोमवार को इजरायल पर हमला कर सकता है। कई विशेषज्ञ भी क्षेत्र में एक बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका जता रहे हैं। इस बीच एक भारतीय ज्योतिष की भविष्यवाणी ने सनसनी मचा दी है, जिन्होंने दावा किया है कि तीसरा विश्व युद्ध 4 या 5 अगस्त को शुरू होगा। ये ज्योतिष हैं कुशल कुमार, जोकि पहले इजरायल-हमास युद्ध और रूस-युक्रेन युद्ध को लेकर भी भविष्यवाणी कर चुके हैं। इस बार उन्होंने दावा किया है कि भूराजनीतिक घटनाओं के संयोजन से विनाशकारी संघर्ष की शुरूआत होगी।

### » कौन हैं ज्योतिष कुशल कुमार?

बता दें कि कुशल कुमार की लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार वह हरियाणा के पंचकुला के रहने वाले हैं और एक वैदिक ज्योतिष लेखक हैं और दुनियाभर में जाने जाते हैं। उन्होंने प्रोफाइल में बताया है कि उनके लेख कैलिफोर्निया से द माउंटेन एस्ट्रोलॉजी (टीएमए) और न्यूयॉर्क से होरोस्कोप जैसी विश्व की अग्रणी ज्योतिष पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वह प्रोफाइल में अपने बारे में बताते हुए लिखते हैं कि वह व्यक्तियों को उनके संबंधित प्रश्नों पर मार्गदर्शन देने में विशेषज्ञ हैं, मुख्य रूप से जन्म समय के विवरण के आधार पर। साथ ही वह लिखते हैं कि वह राष्ट्रों के लिए अर्थव्यवस्था, मौसम-विज्ञान, व्यापार, रणनीतियों, संघर्ष आदि विषयों पर मूल्यवान लेख भी देते हैं। वैश्विक मामले और विश्व अर्थव्यवस्था उनकी विशेषज्ञता है।

### » अमेरिकी मैगजीन में छप चुके हैं लेख

उनका एक लेख दिसंबर 2017 को यूएस से प्रकाशित मासिक मैगजीन विजडम में, "2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए ज्योतिषीय संभावित अलर्ट", शीर्षक से पाया जा सकता है। वह बताते हैं कि ये भविष्यवाणियां 2018 को कवर करने वाले यूएस के बारे में थीं, जो 11 अक्टूबर, 2017 को की गई थीं और समय की कसौटी पर खरी उतरी थीं। इसके अलावा वह लिखते हैं कि वह आध्यात्मिकता, वैदिक विद्या को लागू करने और भारतीय प्रसिद्ध ऋषियों द्वारा किए गए शोध के बारे में भी लिखते हैं। उनके अनुसार, उन्हें दुनिया के अन्य धर्मों में प्रचलित आध्यात्मिकता के बारे में अच्छी समझ है।

### » गलत भी हुई हैं भविष्यवाणियां

हालांकि, बता दें कि कुशल कुमार की कई भविष्यवाणियां गलत भी साबित हुई हैं। उन्होंने इससे पहले तीसरे विश्व युद्ध की तारीख के बारे में कई भविष्यवाणियां कीं, जो सच नहीं हुईं। इससे पहले उन्होंने घोषणा की थी कि तीसरा विश्व युद्ध 18 जून, 2024 को शुरू होगा, लेकिन वह तारीख बिना किसी घटना के बीत गई। फिर उन्होंने एक नई घोषणा करते हुए कहा कि तीसरा विश्व युद्ध 26 जुलाई या 28 जुलाई को शुरू होगा, लेकिन फिर से, उनकी भविष्यवाणी गलत थी। अब देखना होगा कि क्या इस बार उनका अनुमान सही होता है या नहीं।

# मध्य प्रदेश में बड़ा हादसा, मंदिर परिसर में गिरी 50 साल पुरानी दीवार

## नौ बच्चों की दर्दनाक मौत



नूना न्यूज एजेंसी

**मध्य प्रदेश।** के सागर जिले में एक 50 साल पुराने घर की दीवार गिर गई, जिससे नौ बच्चों की मौत हो गई और आधा दर्जन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना शाजापुर के हरदौल मंदिर में हुई, जहां पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा था। हालांकि, मंदिर परिसर से सटे एक घर की दीवार अचानक झुक गई, जिससे बच्चे मलबे में दब गए। गौरतलब है कि इस घटना में कुल नौ बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सागर कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। दीवार बच्चों के ऊपर गिर गई, जिससे 9 बच्चों की मौत हो गई और 2 का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज सागर जिले के शाहपुर में हुई अतिवृष्टि के कारण जर्जर मकान की दीवार गिरने से 9 मासूम बच्चों के काल कवलित होने की खबर सुनकर मन व्यथित है। घायल बच्चों के उचित इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। भगवान से करबद्ध प्रार्थना है कि दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि हादसे में घायल अन्य बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। जिन परिवारों ने मासूम बच्चों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतक बच्चों के परिजनों को शासन की तरफ से 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक अन्य खबर में, एक जीप के ट्रक से टकरा जाने से दो महिला मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर स्थित सिवनी-बालाघाट रोड के पास हुई। पुलिस ने कहा, "धान की रोपाई के बाद मजदूर उमरवाड़ा से धारनाकला गांव में अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी जीप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। वाहन में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए।

# वायनाड भूस्खलन: केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने पुलिस के बचाव अभियान की सराहना की



नूना न्यूज एजेंसी

**त्रिशूर।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने वायनाड जिले में हुए विनाशकारी भूस्खलन को रविवार को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी आपदा करार दिया और इस दौरान लोगों को बचाने के पुलिस तथा अग्निशमन बल के साहसी प्रयासों की सराहना की। विजयन ने यहां केरल पुलिस की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुएकहा कि राज्य वायनाड में हुई भीषण त्रासदी से उबर नहीं पाया है। पुलिस और अग्निशमन बल की सराहना करते हुए विजयन ने कहा कि साहसिक बचाव प्रयासों ने मानवता की झलक दिखाई है और यही बल की पहचान है। विजयन ने कहा, वायनाड में हुआ भूस्खलन केरल के इतिहास की सबसे बड़ी आपदा है। यह राष्ट्रीय स्तर की बड़ी आपदाओं में से एक है। चूरलमाला और मुंडक्कई के लोग अब भी प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान से उबर नहीं पाए हैं। उन्होंने पुलिस बल में शामिल नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षित महिलाओं की मौजूदगी से बल की क्षमता बढ़ती है। विजयन ने कहा, पिछले बैच में 1,308 महिलाएं थीं जिनमें से 23 को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस बैच में 1,403 महिलाएं केरल पुलिस का हिस्सा बनी हैं।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद



नूना न्यूज एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यातायात नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा, गांदरबल जिले के कचेरवन में सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगले आदेश तक रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि आधी रात को बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बादल फटने से आई बाढ़ के कारण कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारी के मुताबिक, जरूरतमंद लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए प्राधिकारी मौके पर मौजूद हैं। राजमार्ग बंद होने के कारण कश्मीर घाटी का संपर्क लद्दाख से कट गया है और अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर तक संपर्क सुविधा भी बाधित हो गई है।

## सार संक्षेप

### बाइक चालक पति की मौत, पत्नी घायल

इसराना, अगस्त : बाईक पर सवार दम्पति गन्नौर से बिंझौल अपनी रिश्तेदारी में कौथली देने जा रहे थे। रोहतक बाई पास नहर पुल पर तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मारी। जिसमें बाईक चालक परविन्द्र पुत्र अतुल सिंह बेगा रोड गन्नौर जिला सोनीपत को गंभीर हालत में पानीपत के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल पत्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पत्नी की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल से घर लौटते समय शिक्षक सड़क हादसे में घायल

यमुनानगर, अगस्त : अध्यापक को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामलें में केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। छप्पर थाना क्षेत्र के गांव मुसंबिल निवासी रणबीर सिंह ने शिकायत देकर बताया कि वह राजकीय आदर्श सस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी में लैब प्रयोगशाला टीचर हैं। बताया कि 29 जुलाई को शाम चार बजे वह रेलवे स्टेशन से अपनी बाइक से घर के लिए जा रहा था। जब वह गाबा अस्पताल के पास पहुंचा तो एक युवक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया और उसकी दाहिनी टांग, बांए कान पर मुंह पर चोट आई। टक्कर मारने के बाद आरोपित बाइक चालक वहां से भाग गया। इसके बाद राहगीरों ने उसे उपचार के लिए गाबा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने शिक्षक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला को किया जा रहा था परेशान, एसपी से मिली पीड़िता

यमुनानगर, अगस्त : परिवार मे लडाई झगडों की वजह से दो बेटियों की पढ़ाई खराब हो रही है। जिसको लेकर महिला ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामलें में केस दर्ज किया है। थाना छप्पर क्षेत्र के गांव जठलाना निवासी तानिया ने एसपी को शिकायत देकर बताया कि उसकी शादी सुशील निवासी गांव गोलनपुर से हुई थी। बताया कि उसका पति रेलवे में सरकारी नौकरी पर कार्यरत है। आरोप है कि पति उसे व उसकी बेटियों को खर्च के लिए पैसे तक नही देता है। शादी को भी 6 साल हो चुके हैं। तानिया का आरोप है कि पति सुशील व अन्य ससुराल वाले विवेक पुत्र वेदप्रकाश, महेंद्र कौर पत्नी वेदप्रकाश दहेज को लेकर तंग व परेशान करते हैं। इसके साथ ही जान से मारने की कोशिश भी कर चुके हैं। जिसके चलते उसने पुलिस को शिकायत दी। इसका केस एडीआर में चल रहा है। तानिया का कहना है कि आरोपितों ने उसके ससुराल में न होने का फायदा उठाते हुए उसके नाम के फर्जी एफिडेविट बनावाया और उसके नाम के फर्जी हस्ताक्षर कर बिजली मीटर कटवा दिया है। तानिया ने बताया कि उसे आरोपितों से खतरा है कि वह उसके झूठे हस्ताक्षर करके उसे किसी झूठे केस में फंसा सकते हैं या फिर तलाक ना दे दें। महिला का कहना है कि उसकी दो लड़किया हैं और लड़ाई झगड़ों की वजह से दोनों बेटियों की स्कूल पढ़ाई भी खराब हो रही है। एसपी से हुई शिकायत के बाद थाना छप्पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एम.डी.एस.डी. कालेज की छात्रा ने जीते राज्य स्तर में तीन स्वर्ण पदक

अंबाला शहर, अगस्त : करनाल में कयाकिंग एंड कैनाइंग का राज्य स्तर खेल महाकुम्ब का आयोजन दिनांक 1 से 2 अगस्त 2024 को किया गया। एम डी एस डी कालेज अंबाला शहर की छात्रा मीनाक्षी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। मीनाक्षी ने सी-1 श्रेणी 1000 मीटर में स्वर्ण पदक, सी-2 श्रेणी 500 मीटर में स्वर्ण पदक और सी-2 श्रेणी 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक हासिल कर के छात्रा ने कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर कॉलेज मैनेजमेंट, प्रधान अरविंद अग्रवाल और प्राचार्य करमजीत कौर ने विजेता छात्रा को अग्रिम भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



विजेता छात्रा मीनाक्षी

## फिल्म, टीवी, रंगमंच के 135 कलाकार लव कुश के मंच पर होंगे




नई दिल्ली। कंस्टिटटयूंशन क्लब में आयोजित लव कुश रामलीला कमेटी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए लीला के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार ने कहा देश में पहली बार श्री रामेश्वरम धाम मंदिर की थीम पर बने विशाल भव्य तीन मंजिला मंच पर प्रभु श्री राम की लीला का मंचन 03 से 13 अक्टूबर तक होगा और दशहरा पर्व 12 अक्टूबर को होगा। फिल्म इंडस्ट्री के 15 मशहूर स्टार्स के साथ साथ टीवी और रंगमंच के 120 कलाकारों द्वारा लीला मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया 180 फीट ऊंची क्रैनो द्वारा आकाश मार्ग में तीन विशाल रथो में श्री राम , लक्ष्मण, दूसरे रथ में श्री राम की सेना और तीसरे रथ में रावण सवार होंगे। आसमान में राम रावण युद्ध, रावण द्वारा सीता हरण, जटायु वध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने से लेकर युद्ध के जीवंत एक्शन सीन देख राम भक्त दंग रह जाएंगे। लीला प्रेसिडेंट अर्जुन कुमार के अनुसार फिल्म स्टार हिमांशु सोनी ( फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया, टीवी राम सिया के लव कुश, अगर तुम ना होते, द्वारकाधीश श्री कृष्णा, आदि) प्रभु श्री राम का रोल करेंगे फिल्म एक्ट्रेस समीक्षा भटनागर ( फिल्म कैलेंडर गर्ल्स, पोस्टर बॉयज, टीवी देवों के देव महादेव आदि) माता सीता के रोल में, एक्टर कनन मल्होत्रा ( सूर्य पुत्र करण, चांद छुपा बादल में आदि) लक्ष्मण , और बी आर चोपड़ा के महाभारत सीरियल में भीम पुत्र घटोतकच से अलग इमेज बनाने वाले सवा 6 फीट के एक्टर केतन करांडे जो ठग्स ऑफ हिंदुस्तान, रेस 2, भोला, सहित 55 से ज्यादा फिल्मे कर चुके है लीला में महाबली हनुमान का रोल करेंगे। लीला कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल के अनुसार इस बार लीला में हाईटेक डिजिटल तकनीक का ज्यादा प्रयोग किया जाएगा, इसमें 3डी मेपिंग, विजुअल इफेक्ट्स, 8 ट्रैक डिजिटल डोलबी साउंड सिस्टम का प्रयोग मुंबई से आई ट्रेंड तकनीशीयन की टीम द्वारा किया जाएगा। विभिन्न टीवी चैनल, यू ट्यूब चैनल , के माध्यम से देश विदेश के 25 करोड़ से ज्यादा दर्शक लीला का लाइव मंचन देखेंगे गोयल के अनुसार टीवी पर अनेक पौराणिक टीवी सीरियल्स के कॉस्ट्यूम डायरेक्टर विष्णु पाटिल मुंबई में अभी से लीला के सभी कलाकारों के कॉस्ट्यूम तैयार करने में लगे है लीला कमेटी के चेयरमैन पवन गुप्ता के अनुसार फिल्म नगरी के मेकअप आर्टिस्ट चोटलिया पंकज जीवराज भाई अपनी टीम के साथ लीला के सभी कलाकारों का किरदार के मुताबिक रीयल लुक मेकअप करेंगे। फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवी एक्शन आर्टिस्ट मनोज कागड़ा और उनकी टीम इस बार लीला में मंचित होने वाले सभी हैरत अंगेज, दिल दहलाते, आसमान में होने वाले एक्शन दृश्यों को पूर्ण सुरक्षा प्रबंधों के साथ करेगी, प्रवेश कुमार के निर्देशन में लीला का मंचन होगा। फिल्म एक्टर हिमांशु सोनी ने मीडिया को बताया टीवी पर प्रभु श्री राम का किरदार निभाने के बाद हजारों भक्तो के बीच लव कुश की विशाल स्टेज पर एकबार फिर श्री राम का किरदार करना मेरे लिए गर्व की बात है, सिने तारिका समीक्षा भटनागर ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा सीता माता का किरदार बेहतरीन ढंग से निभा सकू इसके लिए मैं अभी से अपने घर में इस किरदार को जीवंत करने के लिए रिहर्सल करने में बिजी हूं। लालकिला ग्राउंड पर देश की सबसे बड़ी लव कुश लीला कमेटी के मंच पर लक्ष्मण का रोल बेहतरीन ढंग से निभाना मेरे लिए बडा चेलेंज है, महाबली हनुमान का किरदार निभा रहे केतन ने कहा मैं श्री राम का अटूट भक्त हूं, हनुमान जी की बचपन से पूजा अर्चना करता हु अब इसी पात्र को देश की राजधानी में लव कुश लीला के मंच पर निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। लीला मंत्री प्रवीन सिंघल और वरिष्ठ उप प्रधान के मुताबिक लोकप्रिय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर विशाल मेगा हैल्थ कैंप का आयोजन और प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल और उनकी टीम द्वारा खाटू श्याम के भजनों का कार्यक्रम होगा।

## दिल्ली वासियों के स्वागत के लिए तैयार है बीकानेर हाउस का तीज मेला

### कल सोमवार को होगा रंगारंग राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम




नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 4 अगस्त से 11 अगस्त तक चलने वाले तीज उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी है। तीज उत्सव के दौरान चलने वाले राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट मेले की दुकानें दिल्ली वासियों के लिए खरीदारी का रोमांचक अनुभव देने के लिए तैयार है। इस मेले में आगंतुक राजस्थानी कला संस्कृति और प्रादेशिक अंचल से जुड़े हैंडीक्राफ्ट के सामान, महिलाओं के लिए राजस्थानी वेशभूषा, साड़ियां, बैंगल्स इत्यादि की खरीदारी के साथ-साथ लजीज व्यंजनों का स्वाद भी उठा सकेंगे। सोमवार को होगा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बीकानेर हाउस में चलने वाले इस सात दिवसीय उत्सव में सोमवार 5 तारीख को राजस्थान पर्यटन द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार सवाई भट्ट द्वारा गीत- संगीत के साथ मनोरंजन से भरपूर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी दौरान 7 अगस्त को तीज की सवारी के साथ-साथ मेले के दौरान महिलाओं के लिए मेहंदी और राजस्थानी पोशाक के कंपटीशन और बच्चों के लिए कई तरह के आयोजन रखे गए हैं।

## मुसलमानों और इस्लामिक सेंटर के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठने दूंगा: कलीमुल हफीज

अब्दुल हफीज

नई दिल्ली। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के चुनाव के लिए मतदान 11 अगस्त को होगा, लेकिन उससे पहले हर कोई पैनल के सदस्यों से संपर्क कर रहा है और अपने आप को सबसे सर्वोत्तम बता रहा है. सिराजुद्दीन पैनल से उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार और शिक्षा के लिए काम करने वाले, जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता कलीमुल हफीज ने कहा कि इस चुनाव से इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर को नया नेतृत्व मिलेगा, लेकिन कुछ लोग जानबूझकर हमारे पैनल को किसी विशेष संगठन या पार्टी से जोड़कर सदस्यों को गुमराह करना चाहते हैं, हमारा उद्देश्य है कि यह सेंटर देश और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि इस सेंटर का उपयोग देश, मुस्लिम और इस्लाम के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाना चाहिए.एक सवाल के जवाब में कलीम हफीज ने कहा कि मैंने हमेशा मिल्लत की राजनीति की है और जब जब मैंने कलम उठाई है तो मिल्लत के हित को ध्यान में रखा है और अपनी भावनाओं और संवेदनाओं को प्रतिबिंबित किया है. इसलिए, मैं अपने सभी सदस्यों से वादा करता हूं कि जब तक मैं इस पैनल में हूं, या इस्लामिक सेंटर के शासी निकाय में हूं, तब तक इस्लाम, इस्लामिक सेंटर





और मुसलमानों के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठने दूंगा. मैं सबसे पहले उसका विरोध करूंगा। आप सभी निश्चिंत रहें कि मैं इस्लामिक सेंटर के लक्ष्य एवं उद्देश्यों के विरुद्ध कोई काम नही होने दूंगा। कलीम हफीज ने कहा कि जो लोग हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को नहीं समझते हैं, उनसे इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर को खतरा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो इसे अपने व्यवसाय के लिए इस्तेमाल करने और कुछ लोग इसे सीढ़ी बनाकर राजनीतिक ताकत चाहते हैं, वे सेंटर के लिए खतरा हैं, लेकिन सेंटर के 2054 सदस्य, जो मतदाता हैं, उन पर सेंटर की रक्षा की जिम्मेदारी है. ताकि कोई इस्लामिक सेंटर का अपने लाभ के लिये इस्तेमाल न कर सके. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 75 सदस्य मैदान में हैं, लेकिन सदस्यों को यह पता होना चाहिए कि सभी उम्मीदवारों में से किसके पास कितना अनुभव है और उन्होंने देशहित में पहले क्या किया है. उन्होंने यह भी कहा कि सबके अपने-अपने दावे और वादे हैं, लेकिन अब यह जिम्मेदारी उन सदस्यों की है कि किस तरह के उम्मीदवार का चुनाव करें. हमें उम्मीद है कि हमारा पैनल सफल होगा. उन्होंने सेंटर के सदस्यों से भी अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

## ऑल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस टेस्ट में 99.97% अंक लेकर देशभर में में प्रथम रही कीर्ति



डॉ कीर्ति को शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते परिजन व शुभ चिंतक

खरखौदा अगस्त : उपमंडल खरखौदा के गांव खांडा की डॉक्टर कीर्ति ने ऑल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस टेस्ट में 99.97% अंक लेकर देशभर में सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सभी वर्गो में देश में पांचवा स्थान प्राप्त किया। उसकी उपलब्धि पर परिवार व गांव वासियों में खुशी का माहौल है। डॉक्टर कीर्ति को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ कीर्ति ने बताया कि अब वह एम्स से काय-चिकित्सा में एमडी करके देशवासियों की सेवा करना चाहती हैं। डॉक्टर कीर्ति के पिता जगदेव सिंह कंवाली के सरकारी स्कूल में बतौर मिडल हैड कार्यरत हैं और चाचा सत्यदेव पाराशर शंभू दयाल शिक्षा सदन खंड के संचालक हैं। गौरतलब है कि कीर्ति ने 12 वीं तक की शिक्षा शम्भू दयाल शिक्षा सदन खांडा से पूरी की है। इसके बाद लाल बहादुर शास्त्री आयुर्वेद कॉलेज बिलासपुर से बीएएमएस की डिग्री हासिल की है, जिसमें पूरी यूनिवर्सिटी में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। अपने संदेश में कीर्ति ने बताया कि विद्यार्थी के लिए कुछ भी करना संभव नहीं है यदि वह सच्ची लगन से मेहनत करे, तो वह अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है।

## 13 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत, सांप के काटे जाने की आशंका

खरखौदा अगस्त : गुरुकुल वाली कॉलोनी में रहने वाले मनोज कुमार के 13 वर्षीय लड़के सरवन की संदिग्ध मौत हो गई है। देर रात्रि को बच्चे को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। उस समय परिजनों ने उल्टी आना बताया था। चिकित्सकों ने बच्चे को पीजीआई रेफर कर दिया था। लेकिन परिजन बच्चे को घर पर लेकर चले गए। इसके बाद सुबह बच्चे को लेकर परिजन फिर अस्पताल में पहुंचे। लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी और बच्चे के मुंह में झाग आए हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि हो न हो बच्चे को सांप ने काट लिया हो। 13 वर्षीय बच्चा अपनी मां पुष्पा के साथ मजदूरी करता था। उसके पिता मनोज की दौरे की बीमारी में गिरने से मौत हो चुकी है। अब परिवार में उसकी मां पुष्पा व उसके दो भाई बहन है। पीड़ित परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग की है।



बच्चे की मौत के बाद अस्पताल में एकत्रित करीबी ।

## निरंकारी भक्तों द्वारा मानव कल्याणार्थ हेतु 116 यूनिट रक्तदान

(हरेश उपाध्याय)



नयी दिल्ली:- आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य मार्गदर्शन में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा निरंकारी सत्संग भवन निरंकारी कालोनी दिल्ली में, एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें मिशन के सेवादारों और भक्तों द्वारा मानवता की सेवा हेतु 116 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन सत्कारयोग्य आदरणीय बहन रेनूका जी मैबर (एस. एन. सी. एफ. एवं सेवादल संचालिका द्वारा किया गया। बहन रेनूका जी ने शिविर में, उपस्थित सभी रक्तदाओं को सम्बोधित भी किया। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने सेवा की सच्ची भावना को दशार्या।मेडिकल सर्विस के कोऑर्डिनेटर नरेश अरोड़ा ने जानकारी दी कि रक्त एकत्रित करने हेतु रेड क्रॉस सोसाइटी से टीम पहुंची। जिनमें डॉक्टर और पैरा- मेडिकल स्टाफ शामिल था। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा चिकित्सा दल का स्वागत किया गया।कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्रीय एम.एल.ए. पवन शर्मा एवं काउंसलर व प्रदीप अग्रवाल भी शरीक हुए। उन्होंने रक्तदाताओं द्वारा की जा रही महान सेवा की सराहना की। ज्ञातव्य हो कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में सदैव अग्रणी रहा है और कई दशकों से रक्तदान शिविरों का आयोजन भी कर रहा है। मिशन के पूर्व प्रमुख बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने यह संदेश दिया कि ह्यरक्त नालियों में नहीं बल्कि नाड़ियों में बहना चाहिए तभी से मिशन द्वारा पूरे वर्ष चरणबद्ध तरीके से इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। अब तक मिशन के भक्तों ने देश और विदेश में लगभग 13, 70,293 यूनिट रक्तदान किया है। सतगुरु के वचनों से प्रेरित होकर निरंकारी भक्त अपनी भक्ति के एक हिस्से के रूप में इस महान सेवा में अपना सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। मिशन द्वारा बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की सहायता करने जैसे विभिन्न समाज कल्याणकारी कार्य भी समय समय पर किए जाते हैं।

## शिक्षा के साथ संस्कार मिलते हैं तो जीवन में पूर्णता आती : बिरला

नई दिल्ली, अगस्त : हम सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे सैनिक हमारी रक्षा कर रहे हैं। करगिल में हजारों सैनिक शहीद हो गए। उन्होंने इस देश को बचाया। अब आपको यह देश बनाना है। आप इस देश का भविष्य हैं। कल के डॉक्टर और इंजीनियर हैं। सैनिकों की तरह देश के लिए जीने और इसे आगे ले जाने का संकल्प लें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के साथ संस्कार मिलते हैं तो जीवन में पूर्णता आती है। यही कारण है कि आज करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों का अभिनन्दन करने के लिए इतनी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस, दिन में हल्की बारिश के आसार

दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने दिल्ली में दिन में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे तक सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 74 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 64 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## गोली लगने से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

खरखौदा अगस्त : दो दिन पहले हमलावर रंजिशन महिला को गोली मारकर फरार हो गया था। घायल महिला को दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके पेट में लगी गोली निकाल दी थी। लेकिन गोली से पित्त की थैली व शरीर की कई नसें बुरी तरह से प्रभावित हो चुकी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने गोली निकालने के बाद करीब 48 घंटे का समय दिया था। लेकिन घायल बेबी जिंदगी से हार गई और 48 घंटे का समय पूरा नहीं कर पाई। उनके लड़के विक्की का कहना है कि पुलिस उनके मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे पुलिस कमीश्नर से मिलकर आईओ की शिकायत भी करेंगे, क्योंकि अभी तक ना तो सीसीटीवी फुटेज देखी गई है और न ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



बारिश के बाद कूड़े के ढेर में तब्दील हुई दिल्ली।

## यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने आत्महत्या की, सुसाइड नोट में छात्रों से जुड़े कई मुद्दे उठाये



दिल्ली। ओल्ड राजेंद नगर में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत के बाद दिल्ली के कोचिंग सेंटर वाले इलाकों में यूपीएससी अभ्यर्थियों की रहने की स्थिति को लेकर चिंताओं के बीच, अवसाद से जूझ रही एक छात्रा की कथित आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि महाराष्ट्र के अकोला की रहने वाली 26 वर्षीय युवती 21 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित पीजी में फंदे से लटकी मिली थी। छात्रा का कथित सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह मामला प्रकाश में आया। कथित सुसाइड नोट में युवती ने अवसाद से अपने संघर्ष का जिक्र किया और सरकार से परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकने और युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने की अपील की। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों के लिए पीजी और छात्रावासों का किराया कम करने की भी मांग की। पुलिस के अनुसार, हालांकि, छात्रा के परिवार के सदस्यों ने कहा है कि वह एक व्यक्ति द्वारा उत्पीड़न के कारण अवसादग्रस्त थी। पुलिस उपायुक्त (मध्य) हर्षवर्धन ने कहा कि मामले की जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि पीड़िता के एक दोस्त ने मीडिया को बताया कि उसने हाल की बातचीत में छात्रावास के बढ़ते किराए का जिक्र किया था। दोस्त के मुताबिक, छात्रा को पांच अगस्त को अपना छात्रावास खाली करना था। पुलिस ने कहा कि वह पिछले चार सालों से सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली में रह रही थी।

# मुख्य सचेतक कमाल अख्तर का सपा कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को हसनपुर विधानसभा का मुख्य सचेतक बनने के बाद पहली बार हसनपुर पहुंचे सपा कांठ विधायक, पुर्व मंत्री, कमाल अख्तर का नगर सपा कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और अपने नेता कमाल अख्तर को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद पेश की, ईस मोके पर कांठ विधायक ने कहा जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने दी है मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा सपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा आप सब की जिम्मेदारी है समाजवादी पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाओ और 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनानी है, आज जिस तरह से प्रदेश और देश की इस बीजेपी की सरकार में जनता त्राहि त्राहि कर रही है उसका केवल एक ही विकल्प है प्रदेश में विकास पुरुष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाये ताकि हर गरीब व्यक्ति से लेकर इस प्रदेश में रहने वाले हर व्यक्ति को अच्छी सुविधा मिल सके, सभी कार्यकर्ता जनता के बीच में जाएं और जनता का सहयोग करें,इस मौके पर बदर कुरैशी, पवन अग्रवाल, युसूफ कुरैशी, साजिद खान, राशीद कुरैशी, अखिलेश जाटव, मोहम्मद जफर जुरीद, यामीन खान, साहबुऊदीन मुल्तानी, युसूफ कसार, बाबर खान, नादिर खान, शुयेब मसुरी, सराफत मालिक, अमीर आलम, चो वजीर, असलम सलमानी, वकील सेफी, आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नैनीताल के खुशनुमा माहौल में संपन्न हुई राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक




लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**अमरोहा /नैनीताल=** रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की एक आवश्यक बैठक उत्तराखंड के रामनगर रोड स्थित पुनियंस होटल एंड रेस्टोरेंट नैनीताल में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने की तथा संचालन अमरोहा जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश राणा द्वारा किया गया, बैठक में विभिन्न अहम मुद्दों पर चर्चा हुई तथा परिषद के विस्तार के विषय में भी चर्चा हुई, इसी क्रम में परिषद का विस्तार करते हुए नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष की कमान हरिओम सिंह को दी गई, इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारी को परिषद के आई कार्ड वितरित किए गए, बैठक में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आरटीआई का उपयोग करने पर बल दिया गया, बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट दीनदयाल यादव यदुवंशी, प्रमोद कुमार शर्मा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव नेपाल सिंह यादव एडवोकेट, अमरोहा जिला अध्यक्ष हरिप्रकाश राणा एडवोकेट, अमरोहा जिला मीडिया प्रभारी रामवीर सिंह, असलम सैफी, तहसील उपाध्यक्ष धीरज कुमार, मुकेश कुमार, देशराज सिंह, रणवीर सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, पीतम सिंह, हरिओम सिंह, बलवंत सिंह आदि सहित दर्जनों परिषद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने किया अभिनव कौशिक के कावड़ बेड़ा का स्वागत



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को नगर में बृजघाट से जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं का पालिका अध्यक्ष ने पालीका गेट पर जोरदार स्वागत किया, बताते चलें कि रविवार को कस्बा सैद नंगली के नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक के नेतृत्व में एक विशाल जत्था ब्रिज घाट से जल लेकर हसनपुर दिशा से होता हुआ नंगली के लिए निकाला, इस बीच गजरौला में जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिनव कौशिक के जत्था का जोरदार स्वागत किया गया वहीं, हसनपुर नगर में प्रवेश करने पर नगर पालिका गेट पर पालिका परिषद अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अभिनव कौशिक का एवं जत्था के सभी कांवरियों का जोरदार स्वागत किया उसके उपरांत सभी को जलपान कराया गया, वही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल आदि ने भी अभिनव कौशिक का स्वागत किया उधर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष विनय शर्मा ने भी अभिनव कौशिक का फूल माला पहनकर स्वागत किया, इस मौके पर मुख्य रूप से राजपाल सैनी, प्रशांत सैनी, विवेक शर्मा ,अमित अग्रवाल उर्फ निक्कू,विनय शर्मा, मनी कुमार, कौशल कुमार, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, करन सिंह, कवेंद्र सिंह, हम्जा अली, मोहम्मद अहमद, दिनेश कुमार आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चोरी के माल सहित आरोपी गिरफ्तार



स्योहारा

**थाना** क्षेत्र के ग्राम अलादीनपुर में चोरी के माल सहित एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। स्योहारा थाना अंतर्गत ग्राम अलादीनपुर निवासी नफीस अहमद अंसारी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हमीद अंसारी के शुक्रवार की देर रात्रि अल्तमश पुत्र इकबाल अंसारी निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना धामपुर के घर में घुस कर चोरी कर रहा था। जिसको परिजनों ने मौके से पकड़ लिया था और पुलिस को सूचना दे दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया हुआ। सामान सिलेंडर, चांदी की पायले सहित मौके से एक मोटर साईकिल बरामद करते हुये नफीस की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपित अल्तमश को हिरासत में ले न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को चोरी किये गए समान सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर:** क्षेत्र के गांव रसूलपुर नगला निवासी गिरबर पुत्र छोटिया सिंह ने 31 जुलाई 2024 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा बाहर खड़ी ई रिक्शा से चार बैट्री चोरी कर ली थी। इसी मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। इसी मामले में स्थानीय पुलिस ने आरोपी आबिद पुत्र शफीक को चोरी हुई तीन बैट्रियो के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को आरोपी ने बताया कि यह बैट्रियां अपने साथी आरिफ पुत्र अख्तर के साथ मिलकर 31 जुलाई की रात्रि में ई रिक्शा से चोरी की थी चोरी हुई एक बैट्री आरिफ के पास है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की आरोपी आरिफ को शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# अंबेडकर विकास मंच निभा रहा सामाजिक जिम्मेदारी=महेंद्र सिंह आर्य



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** नगर में अंबेडकर विकास मंच द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है, बता ते चले कि अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य के नेतृत्व में विकास मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नगर में दिवंगत लोगों के परिजनों को शांतवना देने के लिए उनके घर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने शक्ति देने व मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर सामाजिक कार्य को निर्वाह कर रहे हैं, इसी क्रम में बीते रविवार को भाजपा नेता मनोज शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनकी माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें शांतवना पत्र दिया, वही इस रविवार को श्री राम सेवा समिति के रानू रस्तोगी के पिताजी के देहांत उपरान्त उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें भी एक पत्र के माध्यम से अपनी शोक संवेदना व्यक्त की, बताते चले कि बिना भेदभाव के अंबेडकर विकास मंच सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है, शांतवना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, सुशील भगत जी, जगबीर मौर्य आदि लोग शामिल रहे।

# रोडवेज अड्डे में खड़ी रोडवेज बस से दो बैठरे चोरी, अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर




लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को हसनपुर कोतवाली के निकट स्थित रोडवेज बस अड्डे में खड़ी रोडवेज बस से दो बैठरे चोरी होने पर चालक एवं परिचालक के होश उड़ गए, परिचालक द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है, बताते चलें कि नगर में रोडवेज बस अड्डा जो कोतवाली के निकट है उसमें से प्रतिदिन अमरोहा डिपो की एक बस मुरादाबाद बरेली के लिए डेली जाती है, जिस पर तैनात चालक परिचालक रात्रि में रोडवेज बस स्टेशन पर अपनी बस को खड़ी करके कमरे पर सोने के लिए चले गए, रोजाना की तरह प्रातः जब चालक द्वारा बस को स्टार्ट किया गया तो बस स्टार्ट नहीं हुई चालक एवं परिचालक ने बैटरी के तार चेक करने चाहे तो देखा कि उसमें रखे दोनों बैठरे गायब थे जिन्हें देखकर दोनों के होश उड़ गए चालक परिचालक द्वारा अमरोहा डिपो पर सूचना दी गई उसके उपरांत चालक परिचालक द्वारा कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ दो बैठरे चोरी करने की तहरीर दी गई है, वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार गोले ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## शिव भक्तों का ब्लॉक प्रमुख एवं स्थानीय लोगों द्वारा किया गया भव्य स्वागत



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** रविवार को हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के पुत्र मुदित गुर्जर द्वारा सैकड़ो शिव भक्तों के साथ बृजघाट से जल लेकर आने पर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर एवं अन्य स्थानीय लोगों द्वारा फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया गया, ब्लॉक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर अपने सैकड़ो साथियों के साथ रविवार को दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ ब्रजघाट जल लेने गए थे जो दोपहर को हसनपुर में पहुंचे और हसनपुर पहुंचने पर उनका ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर एवं स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया स्वागत से अभिभूत मुदित गुर्जर ने सभी का धन्यवाद अर्पित किया, स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ममता गुर्जर, गौरव नागर, सुरभित गुप्ता अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बुजुर्ग पर कार चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया



धामपुर

**प्रजापति** समाज के एक बुजुर्ग ने पुरानी रंजिश के चलते गांव के दबंग व्यक्ति पर उसके ऊपर कार चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए इस मामले में धामपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी विजेन्द्र सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

दरअसल, थाना क्षेत्र के ग्राम मटौरा मान निवासी राम सिंह प्रजापति पुत्र कुन्दन सिंह प्रजापति ने धामपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि अभी पिछले दिनों गांव के ही दबंग जाट समाज के कुछ लोगों ने उसके भतीजे सचिन प्रजापति के गोली मार दी थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ और आरोपीगण जेल चले गए थे। तब से यह लोग हमसे रंजिश रखते आ रहे है। मामला शनिवार सुबह सात बजे का है। जब वह अपनी जमीन के पास रजवाहे पर बनी पुलिया पर अपनी तीन वर्षीय पोती के साथ खड़ा हुआ था। तब गांव निवासी दबंग बिजेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह अपनी ट्राइवर कार में बैठकर आया और उसके ऊपर कार चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास किया। हालांकि उसे अहसास होने पर वह वहां से हट गया तो उसने कार को मोड़कर पुनः उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। शोर सुनकर आरोपी दबंग बिजेन्द्र सिंह हाथ में तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। आरोप है कि गांव के दबंग लोगों ने खुलेआम यह धमकी दी हुई है कि वह प्रजापति समाज के लोगों को गांव से उजाड़कर फेंक देगें। पीड़ित राम सिंह ने ग्रामीणों के साथ पुलिस से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी बिजेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। उधर आरोपी विजेन्द्र सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा एवं बेबुनियाद बताया है।

## महिला की मौत के बाद अस्पताल सील

**गोहावर:** एक गांव में चल रहे एक अस्पताल में महिला की मौत का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अनियमिताएं पाए जाने पर अस्पताल को सील कर दिया। इससे क्षेत्र में चल रहे अस्पतालों के स्वामियों में हड़कंप मच गया। ग्राम दौलतपुर बिल्लोच में एक निजी अस्पताल में ग्राम मंझौला बिल्लोच निवासी 23 वर्षीय कमर जहां पत्नी मुनाजिर अली का ऑपरेशन से एक बच्चे को पैदा किया गया। इलाज के दौरान कमर जहां के टाकों में इंफेक्शन हो गया जिस के चलते उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसको फिर से उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इन्फेक्शन उसके सारे शरीर में फैल गया जिस के चलते कमर जहां की मौत हो गई। मौत पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी की प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने मामले को शांत किया। बाद में अस्पताल मालिक एवं परिजनों के बीच समझौता हो गया। इसकी खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने घटना का संज्ञान लेते हुए अस्पताल पर छापेमारी की। इस दौरान नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह विश्वकर्मा एसीएमओ को अस्पताल में भारी अनियमिताएं मिली। इस कारण नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल मालिकों में हड़कंप मच गया।

# दो कारों की टक्कर में पांच लोग घायल

रेहड़

**कांशीपुर-हरिद्वार** नेशनल हाईवे पर गांव अंगदपुर बस स्टैंड के पास शनिवार सुबह दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक कार में सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि दूसरी कार में सवार लोग चोटिल हुए । घायलों को काशीपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया है। कांवड़ यात्रा के चलते नेशनल हाईवे को वन-वे किया गया है। इसी के चलते आमने-सामने की टक्कर हुई।

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के खालसा फॉर्म निवासी 55 वर्षीय सरदार निशान सिंह पुत्र सुब्बा सिंह शनिवार सुबह अपनी फोर्ड कार से परिवार के साथ काशीपुर में अपने एक रिश्तेदार की आरष्ठी में जा रहे थे। उनके साथ पत्नी 38 वर्षीय रजविंदर कौर , बेटा 13 वर्षीय उपतेज सिंह, बेटी 12 वर्षीय मनरीत कौर, निशान सिंह की बुआ 55 वर्षीय सुखराज कौर और उनका बेटा 25 वर्षीय हरविंदर सिंह निवासी गांव गादला थाना रेहड़ भी कार में सवार थे। सुबह लगभग सवा 10 बजे जब इनकी फोर्ड कार रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव अंगदपुर बस स्टैंड के पास पहुंची तो सामने से आ रही इनोवा कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और फोर्ड कार में सवार निशान सिंह की पत्नी राजविंदर कौर, पुत्र उपतेज सिंह, पुत्री मनरीत कौर निवासी खालसा फॉर्म अफजलगढ़ एवं सुखराज कौर व हरवेंदर सिंह निवासी गांव गादला घायल हो गए, इसमें निशान सिंह की बुआ सुखराज कौर गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि इनोवा कार में रुद्रपुर की एलाइंस कॉलोनी निवासी सरदार गुरबख्श सिंह पुत्र चौधरीलाल सिंह, उनकी पत्नी रंजीत कौर, बेटी उपनीत कौर और चालक संजय शर्मा सवार थे। हादसे में इनोवा सवार घायल नहीं हुए, उन्हें हल्की चोट आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोर्ड कार में सवार सभी घायलों को काशीपुर स्थित केवीआर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां बुआ सुखराज कौर की हालत गंभीर बनी हुई है। इनोवा सवार सरदार गुरबख्श सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ इनोवा कार से रुद्रपुर से देहरादून जा रहे थे।हाईवे वन-वे होने के चलते हादसा हुआ है, उनकी कार के आगे एक पिकअप गाड़ी चल रही थी, अचानक अंगदपुर गांव के अंदर से एक आल्टो कार हाईवे पर आ गई, जिसे बचाने में पिकअप साइड हो गई, जिससे अचानक उनकी कार की टक्कर सामने से आ रही फोर्ड कार से हो गई।



क्षतिग्रस्त कार।

# महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर सादात

**थाना** नजीबाबाद क्षेत्र की रहने वाली एक महिला डॉक्टर के यहां दवाई लेने आ रही थी। महिला का पीछा करते हुए एक मनचला रायपुर सादात तक आ पहुंचा। शिकायत करने पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की नई धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी का चालान कर दिया। थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुका दडी निवासी एक युवक अपने ही गांव की एक महिला का पीछा करते हुए ग्राम रायपुर सादात तक आ पहुंचा। महिला रायपुर सादात में एक चिकित्सक से दवाई लेने आई थी।

महिला को उसने कुछ कहने की कोशिश की और उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर उक्त युवक ने महिला के साथ मारपीट भी की। यह तमाशा अन्य लोगों ने चौराहे पर देखा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी ने अपना नाम शाहनवाज पुत्र रसीद निवासी ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुका दडी बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएन एस की नई धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी का चालान कर दिया।



# बिजली कटौती के विरोध में खूब गरजे कांग्रेसी

## नारेबाजी करते हुए जिला कलक्ट्रेट पहुंचे, राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

बिजनौर

**उत्तर** प्रदेश में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। राज्यपाल के नाम ज्ञापन देते बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की।

शनिवार को बिजनौर कांग्रेस पदाधिकारी प्रदर्शन करते हुए बिजनौर कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र जिला प्रशासन को दिया। मांग पत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निम्न मांग कि पूरे उत्तर प्रदेश में बिजली की भारी कटौती हो रही है। अघोषित बिजली कटौती से जनमानस, किसान, कामगार, विद्यार्थियों आदि सभी परेशान है। कटौती के चलते उद्योग-धंधों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उत्पादन कम हो रहा है। इस कारण वस्तुओं के दाम बढ़ रहे है। जहां प्रदेश में एक ओर बारिश की कमी के चलते नहरों में पानी खेत तक नही पहुंच रहा पा रहा। वहीं बिजली कटौती के कारण किसान अपनी धान एवं अन्य फसलों की ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं कर पा रहे। बिजली कटौती के चलते पूरे प्रदेश में त्राहि-त्राहि मची हुई है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, बिजनौर शहर अध्यक्ष मीनु गोयल, नजाकत अल्वी, नीरज चौधरी, सलीम एड., सरफराज मलिक, वसीम अकरम, गौतम सिसौदिया, हरि सिंह सागर, कमलेश भुईयार, दयावती कश्यप, हर्षवर्धन सिंह राणा, मीनाक्षी सिंह, बाला सैनी, जसवेंद्र सिंह, पुष्पा सैनी, मतलूब चौधरी, मुनेश तंवर, सुरेश कुमार भुईयार, शेर सिंह भुईयार आदि मौजूद रहे।



बिजनौर में जुलूस निकालते कांग्रेस के पदाधिकारी।

# विकलांग चिन्हांकन शिविर में किए 41 रजिस्ट्रेशन

## दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हुआ शिविर

किरतपुर

**दिव्यांगजन** सशक्तिकरण विभाग बिजनौर की ओर से विभागीय योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने के लिए विकलांग चिन्हाकन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डीएम अंकित कुमार अग्रवाल व पुलिस कप्तान अभिषेक झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डबाकरा हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए डीएम अंकित अग्रवाल ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजन यहां आये हुए है। जिन्हें जरूरत के मुताबिक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए यह शिविर लगाया गया है। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों से आवेदन लेकर उनका रजिस्ट्रेशन किया गया है। वह भी यहां पर बनाए जा रहे हैं और जिन्हें पेंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे उन्हें सुविधाएं प्रदान कराई जा रही हैं। इतने लोग चिन्हित किए जाएंगे। शिविर में खंड विकास अधिकारी व एडीओ समाज कल्याण हेमंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैटरी रिक्शा के लिए 17, बैसाखी के लिए छह, ट्राई साइकिल के लिए पांच, व्हीलचेयर के लिए दो, दिव्यांगजन पेंशन के लिए छह, कान की मशीन के लिए दो नजर के चश्मे के तीन, कुल 41 रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी अजय कुमार गोविंद दास, खंड विकास अधिकारी ओमवीर सिंह, एडीओ समाज कल्याण हेमंत कुमार, एडीओ पंचायत बाबू राम, सहायक एडीओ दिगेन्द्र सिंह, राजीव आदि रहे।

# पंजाब

## रिश्वत लेने के आरोप में हैड कांस्टेबल को विजीलैंस ने किया काबू



पकड़ा गया आरोपी विजीलैंस की टीम के साथ।

**बरनाला :** 5 हजार रुपए पर रिश्वत लेने के आरोप में विजीलैंस विभाग बरनाला ने पुलिस के हैड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के इंस्पैक्टर गुरमेल सिंह ने बताया कि विजीलैंस ने पुलिस स्टेशन रूडेके कलां में तैनात हैड कांस्टेबल गुलाब सिंह को 5 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में पर्चा दर्ज करके गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को रंगे हाथों काबू नहीं किया गया है बल्कि 3 महीने तक चली लंबी जांच के बाद उस पर पर्चा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि हंडियाया की रहने वाली गुरविंदर कौर ने विजीलैंस के पास शिकायत की थी कि आरोपी हैड कांस्टेबल गुलाब सिंह ने उनसे 5 हजार रुपए की रिश्वत ली है। गुलाब सिंह ने उसे डराया धमकाया कि पुलिस स्टेशन रूडेके कलां में उसके खिलाफ शिकायत है और उसने 30 हजार रुपए की मांग की और 5 हजार रुपए उससे ले लिए। जब वह पुलिस स्टेशन रूडेके कलां के थाना प्रभारी के पास हाजिर हुई, तो वहां से उसे पता चला कि उसके खिलाफ कोई भी शिकायत नहीं है। तब तक उस आरोपी ने रिश्वत ले ली थी। उसे फोन करके उसने बार-बार परेशान किया और पैसों की मांग की। यह पूरी जानकारी उसने विजीलैंस विभाग को सौंप दी। इंस्पैक्टर गुरमेल सिंह ने बताया कि विजीलैंस विभाग ने महिला द्वारा सौंप गए सबूत की जांच की और जांच के बाद भ्रष्टाचार के तहत पर्चा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## डैप 6 खाएं, डिप्रैशन भगाएं : एसपी चावला



डॉ. एसपी चावला।

**अमृतसर :** वर्तमान जीवनशैली में लोगों को डिप्रैशन, चिंता और नींद न आने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन सब से छुटकारा पाने के लिए वह तरह-तरह के उपाय भी करते है। इन सब को ध्यान में रखते हुए 25 वर्ष पुरानी भरोसेमंद कंपनी एंव आयुर्वेद की दुनियां में जाना माना नाम ट्रस्ट हैल्थ केयर के डायरैक्टर एसपी सिंह चावला, एमएससी (कैमिस्ट्री), बीएससी (बायोलॉजी), ईडीपी पंजाब ने बताया कि पी-6 उत्पाद पर रोगियों के विश्वास के बाद कंपनी ने 8 महीने की कड़ी मेहनत के बाद डिप्रैशन, चिंता और नींद न आने की समस्या को दूर करने का आयुर्वैदिक नुस्खा डैप-6 आयुर्वैदिक जड़ी बूटियों शंखपुष्पी, ब्राह्मी, जटामांसी, शिलाजीत, अश्वगंधा, पिपली आदि के मिश्रण से तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम द्वारा अभी और रिसर्च की जा रही है और आने वाले समय में इन उत्पादों में सुधार करके और बेहतर उत्पाद लाएंगे।

## श्री दरबार साहिब के लंगर हाल में उबलते आलुओं के कड़ाहे में गिरा सेवादार, हालत गंभीर



सेवादार बलबीर सिंह

अमृतसर, अगस्त : सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के गुरु राम दास लंगर हॉल में एक बड़े कड़ाहे में आलू उबालते हुए एक सेवादार कड़ाहे में गिर गया। सेवादार का नाम बलबीर सिंह सिंह है तथा वह गुरदासपुर के धारीवाल कस्बे का रहने वाला है। घटना शुक्रवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार जब बलबीर सिंह आलू उबाल रहा था, अचानक उसका पांव फिसल गया और वह उबलते हुए आलुओं की कड़ाहे में गिर गया। आस-पास सेवा कर रहे सेवादारों ने तुरंत उसे कड़ाहे से बाहर निकाला। जिसके बाद उसे अमृतसर के वल्ला स्थित श्री गुरु रामदास अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर्स का कहना है कि उनका 70 फीसदी शरीर झुलस चुका है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बलबीर सिंह पिछले 10 सालों से श्री दरबार साहिब के लंगर हाल में सेवा कर रहा है। अस्पताल सेवादार का हालचाल पूछने पहुंचे एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बताया कि सेवादार बलबीर सिंह के इलाज का पूरा खर्च प्रबंधक कमेटी की तरफ से उठाया जाएगा। धामी ने अस्पताल पहुंच उनकी सेहत के लिए अरदास की।

## पंजाब कृषि विभाग ने बठिंडा में नकली कीटनाशकों से लदा पिकअप ट्रक पकड़ा



पंजाब कृषि विभाग द्वारा पकड़ा गया बठिंडा में नकली कीटनाशक दवाइयों से लदा पिकअप ट्रक।

- 4.48 क्विंटल पाउडर और 34 लीटर तरल कीटनाशक दवाइयां जब्त : गुरमीत सिंह खुड्डियां

चंडीगढ़, अगस्त : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत राज्य में नकली खाद और कीटनाशकों के डीलरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब के कृषि और किसान कल्याण विभाग ने शनिवार को हरियाणा से आ रहे एक पिकअप ट्रक से अवैध कीटनाशकों का बड़ा स्टॉक जब्त किया। ये कीटनाशक बठिंडा और आसपास के जिलों के किसानों को सप्लाई किए जाने थे।

यह कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा 18 जुलाई, 2024 को बठिंडा से मेसर्स वुडलैंड एग्रीटेक इंडिया (एच.आर.), कैथल की 1200 लीटर कीटनाशक दवाइयां जब्त करने के कुछ दिनों बाद की गई है।

जब्त किए गए कीटनाशकों के बारे में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि हरियाणा के व्यक्तियों द्वारा किसानों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए लाए जा रहे नकली कीटनाशकों की पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुख्य कृषि अधिकारी बठिंडा के नेतृत्व में कृषि विभाग बठिंडा की टीम ने ब्लॉक फूल (बठिंडा) में नाका लगाया और चेकिंग के दौरान पिकअप ट्रक रोका गया, जिसमें से भारी मात्रा में अवैध कीटनाशक दवाइयां बरामद हुईं।

उन्होंने बताया कि टीमों ने 4.48 क्विंटल पाउडर और 34 लीटर विभिन्न कीटनाशक जब्त किए जिनमें 400 किलो कारटाप हाइड्रोक्लोराइड, 20 किलो रूट टेक, 12 लीटर पैराक्वाट डाइक्लोराइड, 20 किलो एसीफेट, 4 लीटर एजोक्सीस्ट्रोबिन + टेब्यूकोनाजोल, 18 लीटर टाइगर (बायो प्लांट प्रोटेक्शन), 5 किलो थायमेथोक्सम और 3 किलो एमामेक्टिन बेंजोएट शामिल हैं। जब्त किया गया स्टॉक जसवंत रसायन, कोरोमंडल और गुजरात पेस्टीसाइड्स से संबंधित है, जिन्हें पंजाब राज्य में कीटनाशक बेचने की अनुमति नहीं है।

# रिटायर्ड एआईजी ने आईसीएएस दामाद की कोर्ट में गोलियां मारकर की हत्या

### .32 बोर की पिस्तौल लेकर कोर्ट में दाखिल हुआ आरोपी, मौका लगते ही गोलियां बरसाकर उतारा मौत के घाट



रिटायर्ड एआईजी मालविंदर सिंह सिद्धू को काबू कर लेजाती पुलिस तथा (दाएं) गोली लगने के बाद फर्श पर तड़प रहा हरप्रीत सिंह तथा (इनसैट) हरप्रीत की फाईल फोटो।

चंडीगढ़, अगस्त : पंजाब पुलिस के रिटायर्ड सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) मालविंदर सिंह सिद्धू ने सैक्टर 43 जिला अदालत में अपने दामाद हरप्रीत सिंह की 4 गोलियां मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार इंडियन सिविल अकाऊंट सर्विस (आईसीएएस) दिल्ली में तैनात हरप्रीत सिंह का रिटायर्ड एआईजी मालविंदर सिंह सिद्धू (पीपीएस) की एमबीबीएस डॉ. बेटी अमितोज कौर से शादी हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया।

अमितोज ने हरप्रीत सिंह के परिवार वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था जिसके चलते हरप्रीत व उसकी माता को जेल में जाना पड़ा था। जेल से बाहर आने के बाद कोर्ट में डिवोर्स फाइल किया गया। डिवोर्स फाइल करने के बाद से ही मामला कुछ समय बाद सैक्टर 43 जिला अदालत स्थित मैडीटेशन सैंटर में पहुंचा था।

### चौथी मुलाकात बनी अंतिम

शनिवार को मैडीटेशन सैंटर में दोनों पक्षों के बीच चौथी मुलाकात थी। हरप्रीत अपने माता-पिता के साथ सुबह सैक्टर-43 जिला अदालत के मैडीटेशन सेंटर में पहुंचा था। वह अपनी पत्नी के परिवार वालों का इंतजार कर रहा था। अमितोज इस समय कनाडा में है जिसके चलते उसके पिता मालविंदर सिंह सिद्धू कोर्ट में पहुंचे थे। अभी दोनों पक्षों के बीच बात हो ही रही थी कि मालविंदर सिंह ने कहा कि उन्हें वॉशरूम जाना है। जब वह उठकर जाने लगे तो हरप्रीत उन्हें रास्ता दिखाने की बात कहते हुए उनके साथ कमरे से बाहर निकल आया। इसी बीच बाहर जाते ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस होने लगी, इस दौरान मालविंदर सिंह सिद्धू ने हरप्रीत पर एक के बाद एक चार राऊंड फायर कर दिए। हरप्रीत जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा, गोलियों की आवाज सुनकर सभी लोग उनकी तरफ भागे, लोगों ने देखा कि हरप्रीत जमीन पर गिर हुआ था और लहुलुहान हो रखा है। मालविंदर सिंह सिद्धू ने अपने आपको कमरे में बंद कर लिया। हरप्रीत को वहां मौजूद लोगों ने उठा कर एम्बुलेंस में ले जाना चाहा, लेकिन एम्बुलेंस खराब होने के चलते उनके इलाज में देरी हुई, जिसके बाद अन्य गाड़ी में उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। पीजीआई में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि आरोपी मालविंदर सिंह द्वारा .32 बोर की पिस्तौल से गोली चलाई गई। उनकी पिस्तौल से 4 गोलियां चली, जिसमें से दो गोलियां हरप्रीत को लगी। मौके से पिस्तौल के तीन जिंदा कारतूस भी मिले है।

### कोर्ट परिसर में पिस्तौल सहित आसानी से दाखिल हुआ आरोपी

पंजाब पुलिस से बतौर एआईजी रिटायर्ड मालविंदर सिंह सिद्धू पहले से ही प्लानिंग कर हथियार सहित कोर्ट में पहुंचे थे। हैरानी की बात यह है कि कोर्ट में दाखिल होने से पहले हर शख्स की तलाशी ली जाती है। अगर उसके पास कोई हथियार हो तो उन्हें अंदर ले जाने की इजाजत नहीं है। इसके बावजूद भी मालविंदर सिंह सिद्धू बड़ी आसानी से हथियार के साथ कोर्ट में पहुंचे और मौका लगते ही हरप्रीत पर गोलियां बरसाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### अमितोज ने हरप्रीत की पहले भी शादी होने का लगाया था आरोप

**हरप्रीत** सिंह व अमितोज की शादी 19 जुलाई 2020 में हुई थी। शादी के बाद से दोनों दिल्ली में ही नौकरी कर रहे थे लेकिन कुछ महीनों बाद ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। 28 दिसंबर 2020 को पहली बार अमितोज ने हरप्रीत के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी जिसके बाद उसे जेल जाना पड़ा था। 5 जुलाई 2021 को उसे नौकरी से निलंबित कर दिया गया था। 21 जनवरी 2022 को उनका निलंबन वापस ले लिया गया था। 1 सितंबर 2021 को अमितोज ने हरप्रीत के खिलाफ मारपीट, दहेज मांगने व जबरन गर्भपात करवाने का मामला दर्ज करवाया था। अमितोज ने आरोप लगाया था कि हरप्रीत की पहले शादी हो रखी थी। उनकी पहली पत्नी राजस्थान के आईएएस काडर 1984 बैच के अधिकारी प्रतीम सिंह की बेटी थी। इसका पता उनके घरवालों को बाद में चला था। जैसे पहली पत्नी को तंग परेशान किया, उसी तरह उसे भी परेशान करने लगा था।

### हरप्रीत के पास थी बेटी की कई आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो : मालविंदर

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मालविंदर ने बताया कि जब वह वाशरूम जाने लगे तो उनके पीछे हरप्रीत भी उठकर आ गया।

उनसे बहस करते हुए उसने उन्हें गाली दे दी, तैश में आकर उन्होंने उस पर गोली चला दी। उनके अनुसार हरप्रीत पत्नी पर नजर बनाए रखने के लिए स्पाई कैमरे लगाकर रखता था जिसका पता अमितोज को लग चुका था। हरप्रीत के पास उसकी कई आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो थी।

## उत्थान फाउंडेशन की योजना बढ़ते कदम ने बढ़ाया दूसरा चरण

**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**करनाल।** सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन ने निम्न आय वर्ग परिवारों की बच्चियों के लिए बढ़ते कदम योजना के दूसरे केंद्र की शुरूआत हनुमान चौक, गोविंदपुरी, मोदीनगर पर की गई। बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत संस्था द्वारा निशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेज चलाई जाती है। जिसका पहला केंद्र शिव मंदिर, विजय नगर, मोदीनगर के प्रांगण में विगत दो माह से चल रहा है। संस्था के अध्यक्ष सी.ए. राहुल जैन ने दुसरे सेन्टर के शुभारम्भ के मौके पर कहा की उत्थान द्वारा चलाई जा रही इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस, निम्न आय वर्ग परिवारो से आ रही छात्राओ को प्रोत्साहित करने में सक्षम हो रही है। और पहले केन्द्र पर 25 बच्चे इंग्लिश बोलना सीख रहे है। संस्थापक सचिव डॉ सोनिका जैन ने कहा की आर्थिक विकास के लिए शहरी गरीबों के शैक्षिक स्तर को ऊपर उठाना आवश्यक है क्योंकि भारत में मलिन बस्तियो में रहने वालों में शिक्षा का स्तर बहुत कम है। इसलिए प्रथम केंद्र की सफलता के उपरान्त आज दूसरा सेंटर शुरू किया जा रहा है। आज के प्रोग्राम की आयोजक व संस्था की प्रबंधन समिति सदस्या रितु अग्रवल ने बताया की विजय नगर में रिंकी कंसल और दूसरे केन्द्र में पायल जोशी बच्चों को अंग्रेजी सिखाएंगी। नए केंद्र पर 18 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिन्होंने आज अपनी पहली क्लास में स्पीकिंग सीखी। बढ़ते कदम योजना को सफल बनाने में गजाला बारी, ज्योति, रितु कपूर, शिप्रा जैन, आदि का विशेष योगदान है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मां पहुंचे सोनीपत




**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**सोनीपत।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मां पहुंचे सोनीपत जहां उन्होंने एक मंच को किया संबोधित तथा आम आदमी पार्टी की नीतियों का जैन–जनतक दिया संदेश अनाज मंडी सोनीपत में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान जी, बदलेंगे हरियाणा का हाल अब लेंगे केजरीवाल, समारोह में डॉ बाल जीकृष्ण कौशिक राज्य उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह आर्य राज्य सचिव ट्रांसपोर्ट विंग आम आदमी पार्टी हरियाणा टीम के साथ।

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में हुए नतमस्तक



श्री हरिमंदिर साहिब पहुंचे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, साथ हैं जयवीर शेरगिल।

अमृतसर, अगस्त : केन्द्रीय कामर्स एंड इंडस्ट्री मंत्री जितिन प्रसाद सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में परिवार समेत नतमस्तक हुए। उनका अमृतसर एयरपोर्ट पर भाजपा पंजाब के पूर्व प्रधान व पूर्व राज्य सभा मैंबर श्वेत मलिक द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान करके जोरदार स्वागत किया गया। जितिन प्रसाद ने सचखंड के मुख्य भवन में बैठकर इलाही गुरबाणी कीर्तन को भी श्रवण किया। उन्होंने कड़ाह प्रसाद की देग भी चढ़ाई। उनको सचखंड के सूचना केन्द्र में एसजीपीसी के सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद वें शनि मंदिर और दुर्ग्याणा तीर्थ में भी माथा टेकने गए।

## पंजाब विधानसभा स्पीकर संधवां को भी अमरीका कांफ्रैंस में जाने की नहीं मिली मंजूरी

- गैर–भाजपा शासित राज्यों के स्पीकरों को अमरीका में हो रहे नैशनल लैजिस्लेटर कॉन्फ्रैंस में भाग लेने की अनुमति न देना दुर्भाग्यपूर्ण : कुलतार सिंह संधवां
- भाजपा द्वारा हर मामले में राजनीति करने को राज्यों और देश की भलाई एवं प्रगति के लिए बेहद खतरनाक रवैया बताया



कुलतार सिंह संधवां

चंडीगढ़, अगस्त : जहां एक तरफ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम की हौसला अफजाई करने के लिए केंद्र सरकार ने पैरिस जाने की मंजूरी नहीं दी, वहीं दूसरी तरफ पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को भी अमरीका में एक कांफ्रैंस में भाग लेने के लिए मंजूरी नहीं मिली।

इस पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने केंद्र सरकार द्वारा गैर-भाजपा शासित राज्यों के विधानसभा स्पीकरों को अमरीका में हो रहे नैशनल लेजिस्लेटर कॉन्फ्रैंस में भाग लेने की अनुमति न देने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि यदि देश के विधायक, सांसद और चुने हुए नेता ज्ञानवान होंगे, तभी राज्य और देश प्रगति कर सकते हैं।

संधवां ने भाजपा द्वारा हर मामले में राजनीति को राज्यों और देश की भलाई एवं प्रगति के लिए खतरनाक रवैया बताते हुए कहा कि ज्ञान का आदान-प्रदान करने के लिए अमरीका में 3000 से अधिक विधायकों का इकट्ठा होना था। उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रैंस में शामिल होकर दुनिया के प्रभावशाली लोकतंत्र अमरीका और अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मिल-बैठकर विचार-विमर्श होना था। उनसे कुछ अच्छी बातें सीखनी थीं और अपनी कुछ अच्छी बातें उन्हें बतानी थीं। संधवां ने कहा कि पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक और केरल के स्पीकरों को अमरीका जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भी भाजपा विरोधी सरकारें हैं, उनके स्पीकरों को अमरीका जाने से रोक दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि देश को सशक्त तभी किया जा सकता है, यदि देश की राजनीति सही होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ये कार्रवाइयां जानबूझकर कर रही है, क्योंकि भाजपा देश को ताकतवर नहीं बनाना चाहती। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि देश को ताकतवर बनाने के लिए राजनीति को सेवा भावना से करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्पीकर तो सभी पार्टियों के लिए समान और निष्पक्ष होता है, लेकिन भाजपा अपने अलग रास्ते पर चल रही है, जो देशहित में बिल्कुल भी नहीं है। संधवां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को भी पैरिस जाने से रोका गया है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक रोक लगाई जा रही है और ये रोकें समझ से बाहर हैं।

## एसजीपीसी दफ्तर में 2 कर्मचारियों के बीच खूनी भिड़ंत, एक की मौत

### सुखबीर सिंह ने लेखा विभाग में काम करने वाले दरबारा सिंह पर किए तलवार से ताबड़तोड़ वार

- अस्पताल ले जाते समय दरबारा सिंह की मौत, वारदात के बाद सुखबीर फरार
- एसजीपीसी ने सुखबीर सिंह को किया बर्खास्त, पुलिस को सौंपा मामला



मृतक दरबारा सिंह की फाइल फोटो



हत्या करने वाले सुखबीर सिंह की फाइल फोटो।

अमृतसर, अगस्त : सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरु द्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्यालय तेजा सिंह समुंद्री हाल परिसर के कार्यालय में दो कर्मचारियों के बीच हुई खूनी भिडंत में एक कर्मचारी की मौत हो गई। धर्म प्रचार कमेटी के दफ्तर में कार्यरत सुखबीर सिंह ने लेखा विभाग में काम करने वाले दरबार सिंह पर ताबड़तोड़ तलवार से वार किए जिससे वह लहूलुहान हो गया। एसजीपीसी कर्मचारी दरबारा सिंह को श्री गुरु रामदास अस्पताल वल्ला ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सुखबीर सिंह फरार हो गया।

इस घटना के बाद एसजीपीसी की सुचना पुलिस को दे दी है।

पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बयानों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कर्मचारियों में दहशद पैदा हो गई। कर्मचारियों ने एसजीपीसी मुख्यालय के मुख्य गेट को बंद कर दिया। मीडिया के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। जानकारी के मुताबिक खाना खाने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। दोनों के बीच कोई पुरानी परिवारिक रंजिश थी। एसजीपीसी ने इस मामले की सुखबीर सिंह को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एसजीपीसी का प्रबंध खराब करने वाले किसी भी कर्मचारी के साथ कोई भी रियायत नहीं होगी। ऐसे कर्मियों के विरुद्ध सख्त करवाई की जाएगी।

घटना दोपहर 1.15 बजे की है। जब दोनों कर्मचारी खाना खा थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी तीखी बहस हुई। दोनों के पारिवारिक संबंध हैं। शनिवार सुबह भी घर पर उनके बीच झगड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी सुखबीर सिंह ने दरबारा सिंह पर तलवार से 5 बार हमला किया।

वह तब तक हमला करता रहा, जब तक दरबारा सिंह बेहोश होकर गिर नहीं गया। सचिव प्रताप सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

### पंजाब सरकार की छोटी इंडस्ट्री को बड़ी राहत

## स्मॉल पावर इंडस्ट्री को बिजली के फिक्स चार्जेस माफ, मीडियम पावर इंडस्ट्री को मिली 50 फीसदी तक छूट

- लार्ज सप्लाई, जनरल इंडस्ट्री व पी.आई.यू. को भी फिक्स चार्जेस में 5 रुपए प्रति किलोवॉट तक रियायत मिली

लुधियाना, अगस्त : पंजाब सरकार ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा की सिफारिश पर सूबे की छोटी इंडस्ट्री को बड़ी राहत दी है। पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के चेयरमैन बलदेव सिंह सरां द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार स्मॉल पावर(20 किलोवॉट) इंडस्ट्री को फिक्स चार्जेस पूरी तरह से माफ दिए गए है। इसी तरह मीडियम पावर(20 से 100 किलोवॉट) इंडस्ट्री को फिक्स चार्जेस में 50 फीसदी तक छूट दी गई है। मीडियम पावर इंडस्ट्री पर प्रति किलोवॉट 145 रुपए फिक्स चार्जेस तय है किन्तु अब उक्त इंडस्ट्री को पंजाब सरकार द्वारा प्रति किलोवॉट 75 रुपए सब्सिडी दी जाएगी। इसी तरह सरकार ने लार्ज सप्लाई(100 से 1000 किलोवॉट), जनरल इंडस्ट्री व पावर इंटेंसिव यूनिट्स को 5 रुपए प्रति किलोवॉट सब्सिडी देने का फैसला लिया है। इस राहत को कारोबारियों ने विशेषकर राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा का आभार जताया है। एपेक्स चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रधान रजनीश आहूजा का कहना है कि बीते दिनों सांसद संजीव अरोड़ा के साथ हुई बैठक के दौरान कारोबारियों ने फिक्स चार्जेस का मुद्दा उठाया था। इसके बाद अरोड़ा ने फिक्स चार्जेस को लेकर पावर सरकार व पावरकॉम के पास आवश्यक सिफारिश भेजी थी। आहूजा ने बताया कि इससे पहले बंद पड़े या कम कैपेसिटी पर चल रहे छोटे उद्योगों को मासिक हजारों रुपए फिक्स चार्जेस भरने पड़ रहे थे। इससे मंदहाली में भी लघु उद्योगों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा था। फिक्स चार्जेस में रियायत मिलने से इंडस्ट्री को बड़ी राहत मिली है।

# पटना सिटी में चोरों ने मचा रखे हैं आतंक, रेलवे अधिकारी के यहां चोरो ने किया 20 लाख के ऊपर की चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर





रिपोर्ट: लोकतंत्र की शान
रकेश कुमार, वरिष्ठ सवांददाता, पटना

**पटना।** सिटी क्षेत्र के अगमकुआं थाना अंतर्गत भागवत नगर सृष्टि विहार कॉलोनी में रेलवे के अधिकारी पंकज कुमार के यहां देर रात्रि को चोरों ने की भयंकर चोरी. चोर पीछे के रास्ते से खिड़की का लोहे से निर्मित ग्रिल को उखाड कर घर के अंदर घुसे और रूम में रखे अलमीरा का लाकर तोड़ा और उसमे रखे गहने, नगद और सारे सामान की चोरी की और पीछे वाले खाली प्लॉट पर गहने के सारे डिब्बे फेक दिया. घर के लोग जब सुबह उठे तो देखें की सब खुला पड़ा है, अलमीरा के लॉकर टूटे पड़े हैं, समान इधर उधर फेके गए हैं. घर वाले देखते ही समझ गए कि चोरों ने रात में चोरी कर ली है. चोरी जिस कमरे में चोरी हुई है उस कमरे मे रूम में रेलवे अधिकारी पंकज कुमार की बहु रहती है क्यूंकि हाल फिलहाल उन्होंने अपने बेटे के विवाह किया था और अलमीरा मे इसके सारे गहने थे एवं पोती का भी गहने उसी में पड़ा हुआ था. चोर कमरे मे रखे अलमीरा से सभी कुछ लेकर जा चुके थे. जब सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया तो देखा गया कि कर 5 की संख्या में चोर अटखेलिया खेलते हुए निर्भीक होकर मोहल्ले में आ रहे हैं, 12:30 बजे का लगभग समय है और सुबह 4:0 वजे भी वही चोरो को जाते हुए आते हुए देखा जा रहा है जबकि भागवत नगर सृष्टि विहार कॉलोनी से लेकर तमाम इलाकों में सारे वीआईपी लोग अपने मकान वनवा कर वहां रहते भी हैं. स्थानीय लोगों ने अगमकुआं थाना को सूचना दिया. घटनास्थल पर अगमकुआं थाना के अधिकारी पहुंचे, जांच पड़ताल किए और अपने सिनीयर अधिकारियों को सूचना दी. वही, अगमकुआं थाना क्षेत्र में लगातार घटनाएं घट रही है. स्थानीय लोगों का भी यह कहना है कि इस मोहल्ले में एक महीने के अंदर तीन चोरियां हुई है, 15 दिन पहले भी पंकज कुमार रेलवे अधिकारी के यहां से बुलेट भी चोरी हुई है जिसकी सूचना भी अगमकुआ थाना को दिया जा चुका है लेकिन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है. स्थानीय लोगों ने बरिय अधिकारी से मांग भी किया हैं कि अविलंब कार्रवाई किया जाए और ऐसी घटना पर तुरंत रोक लगाई जाए. पंकज कुमार के पूरा परिवार इस घटना के बाद दहशत में है, वही फोरेंसिक को भी सुचना दिया गया है।

# बीडीओ ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर सभी बीएलओ को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बगहा एक ब्लॉक के सभागार में शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने सभी बीएलओ के साथ बैठक किया।इस दौरान निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर को लेकर बीएलओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बूथ संख्या 72 से 310 तक के सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि जिस मतदान केंद्रों पर 1400 से अधिक मतदाता हैं।उक्त जगह पर एक अलग से मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया साथ ही बीडीओ प्रदीप कुमार ने सभी बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण कार्य से संबंधित फॉर्म 6, 7 और 8 के बारे में बताया और कहा की डोर टू डोर घर- घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत सत्यापन का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूरी करने वाले युवाओं को आवश्यक रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा साथ ही मतदाता पहचान पत्र से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर किया जाएगा। जिन मतदाता की मृत्यु हो चुकी है या अनुपस्थित मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करेंगे।बीडीओ ने कहा कि जिसका फोटो सही नहीं है या ब्लैक एंड वाइट है वैसे मतदाता का सूची में नाम सत्यापन कर स्पष्ट साफ रंगीन फोटो के साथ प्रविष्टि करवा लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को समर्पित होकर पारदर्शिता पूर्वक निर्वाचन कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, प्रखंड कर्मी चंदन कुमार, भागेश्वर मणि तिवारी, बीएलओ विनोद उपाध्याय, अफसर अली,सर्वेश कुमार, तूफानी बैठा, दिगंबर तिवारी, दयाशंकर सिंह,राजेश ठाकुर आदि तमाम बीएलओ उपस्थित रहें।

# महिला, एससी/एसटी, साइबर और यातायात थाना परिसर में थानाध्यक्षों सहित पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने चलाया साफ- सफाई अभियान



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में रविवार को एक ही भवन में स्थापित महिला थाना,साइबर थाना,एससी/एसटी थाना तथा यातायात थाना परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान चलाकर साफ - सफाई का कार्य किया गया।श्रमदान अभियान में महिला थानाध्यक्ष पुष्पा कुमार ट्विंकल,एससी/एसटी थानाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद,साइबर थानाध्यक्ष अनुज कुमार, यातायात थानाध्यक्ष मनोज कुमार सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। थानाध्यक्षों ने बताया कि एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में रविवार को श्रमदान अभियान चलाकर विशेष साफ- सफाई का कार्य किया गया। उक्त विशेष साफ-सफाई कार्य में महिला, एससी/एसटी,साइबर तथा यातायात थाना के थानाध्यक्ष सहित पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी , होमगार्ड आदि द्वारा थाना परिसर में लगे पेड़,पौधों के आस पास विधिवत साफ -सफाई कार्य किया और सिंचाई कार्य भी किये। विशेष साफ-सफाई अभियान के दौरान सभी थानाध्यक्ष ने सयुक्त रूप से बताया कि सभी पुलिस कर्मचारियों ने थाना परिसर में लगातार स्वच्छता बनाए रखने,खिड़कियां,दरवाजे,फर्नीचर की साफ सफाई करने के साथ ही थाने के रिकॉर्ड इत्यादि की लगातार देखभाल करने को भी कहा गया। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधों को लगाने के लिए आवाह्न किया गया। उन्होंने बताया कि एक पेड़ के ऑक्सीजन से सैकड़ों लोग लाभान्वित होते हैं।हम सभी जहाँ भी रहे,अपने आस पास के वातावरण को हमेशा स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि थाना परिसर को स्वच्छ तथा सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक रविवार को साफ-सफाई करने के लिए श्रमदान का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जन सुराज विचार मंच शार्थी द्वारा बुद्धि जीवियो की एक अहम बैठक का आयोजन हुआ।

**बिहार में पलायन का दर्द विषय पर बेतिया मे जन सुराज शार्थी की बैठक सम्पन्न।**




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बेतिया शहर के गुलाब बाग में जन सुराज विचार मंच शार्थी द्वारा पश्चिम चंपारण मे बुद्धि जीवियो की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरीय समाजसेवी नरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। कार्यक्रम के संयोजक जन सुराज संचार साथी के जिला प्रभारी विकास बिहारी सिंह थे। जबकि कार्यक्रम का संचालन जन सुराज विचार मंच के जिला प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे थे। बैठक स्थल प्रबुद्ध जनों से खचम खच भरा हुआ था। जन सुराज विचार मंच द्वारा आज की बैठक के लिए"बिहार में पलायन"विषय का निर्धारण किया गया था। इस विषय पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील दुबे ने कहा कि बिहार में पलायन की स्थिति कोई नया नहीं है। पलायन के मुख्य कारणों में राज में रोजगार के अवसरों का कम होने के साथ-साथ सरकार की संवेदनहीनता एवं आम जानकी जागरूकता की कमी है। रोजगार की दृष्टि से स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बिहार के सभी जिलों में औद्योगिक परिक्षेत्र की कल्पना के साथ-साथ इसकी स्थापना भी की गई है। लेकिन दुखद पहलू यह भी है कि जीन उद्देश्यों के साथ औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया गया वह साकार नहीं हो सका। जरूर इस बात की है कि ऐसे विषयों के लिए आम जन जागृत हो, सरकार को अपना भी सुझाव दे।

## संक्षिप्त समाचार

### सप्लाई बंद होने से बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

**चित्रकूट।** नमामि गंगे जल जीवन मिशन के चांदी बांगर की पानी सप्लाई कई दिनों से बाधित होने से पीने के पानी को परेषान है। जानकारी के अनुसार बछरन गांव से तमाम ग्राम पंचायतों को पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसमें अर्जुनपुर, नांदी, बछरन सहित तमाम ग्राम पंचायतें शामिल हैं। एक सप्ताह से अधिक दिनों से बछरन में कोई आपरेटर नहीं है जिससे पानी सप्लाई बाधित है और अगर कभी कभार कोई आपरेटर पहुंच भी जाता है तो बिजली की समस्या बताई जाती है जबकि वैकल्पिक व्यवस्था भी है जंगलेटर लेकिन चालू नहीं किया जाता। केवल दिखाने के लिए सो पीस में रखा हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के सख्त निर्देश हैं कि जहां-जहां पाईप लाईन पड़ चुकी है, और जिन ग्राम पंचायतों में पानी सप्लाई हो रही है उन ग्राम पंचायतों में पानी की सप्लाई करना प्रतिदिन सुनिश्चित करें लेकिन जिम्मेदारों को मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के निर्देशों का भी कोई भय नहीं है।

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले विधायक

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मउ मानिकपुर विधायक अविनाष चन्द्र द्विवेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओ से अगवत कराया।

उन्होने क्षेत्र की मुख्य सडको से सेतु निर्माण और ग्राम पंचायतो के आम रास्ते को लेकर विमर्ष किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हे भरोसा दिया है कि उनके काम शीघ्र ही कराये जायेगे। विधायक ने सीएम को अवगत कराया कि ग्राम सभा उचाढीह के मजरा चमरौंहा मे बरदहा नदी पर लघु सेतु निर्माण होना आवष्यक है इसे सेतु के बन जाने से दस हजार लोगो के आगवामन का रास्ता साफ होगा। यह पुल मध्य प्रदेष राज्य को सीधे जोडता है इस पुल की मांग कई सालो से लगातार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना के आरोपी को लगा अर्थदण्ड

चित्रकूट। न्यायालय ने सड़क दुर्घटना के आरोपी को 18 सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने आरोपी जयप्रकाश सिंह पुत्र नन्दकिशोर सिंह निवासी कालिन्दीपुरम राजरुपपुर जनपद प्रयागराज हाल पता अर्जुनपुर खण्डेहा थाना मऊ को 18 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

### आज भी खुला रहेगा परिवहन कार्यालय

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ने पत्र जारी कर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूट को निर्देशित किया है कि 4 अगस्त रविवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय खुला रहेगा जिसमें स्कूली बस और यात्री बस तथा अन्य वाहनों का फिटनेस कैंप लगाकर किया जाएगा कैंप में फिटनेस की फीस रविवार को कार्यालय में ही काटी जाएगी यात्री कर माल कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने वाहन स्वामियों से अधिक से अधिक कैंप में आने की और फिटनेस करने की सलाह दी ।

# रेफर वाले मरीजों को लूट रहे प्राइवेट एंबुलेंस चालक

## खुशराना के नाम पर नर्से करती है बदसुलूकी

**चित्रकूट।** सौ शैया वाला जिला अस्पताल एक बार फिर सुर्खियो है। जिला अस्पताल के बाहर रात दिन प्राइवेट एंबुलेंस चालको का जमावडा रहता है एंबुलेंस बाहर खडी होती है चालक/परिचालक सीधे अस्पताल मे डेरा डालते है मरीजो को निजी अस्पताल मे भर्ती कराने का झांसा देकर अपने तयषुदा अस्पताल ले जाने का काम करते है।

शनिवार को जिला अस्पताल गेट के सामने लगभग आधा दर्जन एंबुलेंस तैयार खडी रहती है चालक अस्पताल से रिफर मरीजो की ताक मे घूमते रहते है प्राइवेट अस्पतालो मे सरकारी से बेहतर इलाज बताकर तीमारदारो को उकसाते है। नाम न छापने की शर्त पर कुछेक लोगो का कहना है कि इनके कमीषन सभी अस्पतालो मे बंधा है। यह भी बताते है कि जिला अस्पताल मे सही इलाज नही होता। वही प्रसव के नाम पर स्टॉफ नर्से प्रसव पीडित महिलाओ को बच्चा जनने पर खुषराने के तौर पर लूट रही है हजार, पांच सौ रूपये लेकर 51 सौ रूपये मांगती है यदि कोई प्रसव पीडित महिला के पति रिस्तेदार मांग पूरी नही करते तो उसे भगवान भरोसे छोड दिया जाता है। ये तीन नामो वाली नर्सो की भारी चर्चा है। इनकी षिकायत परिजनो ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की है लेकिन वह भी षिकायतो को अनसुना कर देती है। इन्ही की बदौलत भाजपा समूचे बुन्देलखण्ड से साफ हो गयी है। परिजनो को किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। राहुल, बच्चा, रामधनी आदि ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेष पाठक से इनकी शिकायत करने की बात कही है।

# दिनेश अग्रवाल ने पतिलार के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर ग्रामीण लोगों से किया सीधा जनसंपर्क, लोगों के समस्याओं को सुना।




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चम्पारण।** जिले के पतिलार में शनिवार को मेरा स्वाभिमान संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सह वाल्मीकनगर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने विभिन्न वार्डो में पहुंचकर ग्रामीण लोगों से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान दिनेश अग्रवाल से विभिन्न वार्डो में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और काफी उत्साह देखा गया। आपको बता दें कि दिनेश अग्रवाल बाहर से बगहा आगमन होते ही उन्होंने लोगों के बीच पहुंचकर सीधा जनसंपर्क किया।जहां समाजसेवी दिनेश अग्रवाल द्वारा पतिलार के विभिन्न वार्डो में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को बारी-बारी सुना और उसे त्वरित समाधान कराने का आश्वासन दिया। दिनेश अग्रवाल ने बताया कि मेरे संस्था के पदाधिकारीगण लगातार क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और समस्याओं का समाधान कराया जा रहा हैं साथ मेरा स्वाभिमान संस्था द्वारा चलाई जा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित भी किया जा रहें हैं।दिनेश अग्रवाल ने बताया बगहा विधानसभा अंतर्गत पतिलार के वार्ड 1,2,10,14 और वार्ड संख्या 17 में जनसम्पर्क करके जनता के स्थिति परिस्थिति से अवगत होते हुए उनके समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिए साथ ही उन्होने मेरा स्वाभिमान स्वास्थ्य योजना के तहत 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए संजीवनी हेल्थ कार्ड बनाकर 2 से 3 लाख तक की आर्थिक मदद के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किए और अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिए । मौके पर उमेश अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, अशोक राव, प्रेम कुमार सहित तमाम ग्रामीण लोग उपस्थित रहें।

# कांग्रेसियों ने बिजली कटौती के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुँचकर सौंपा ज्ञापन

**जिला मुख्यालय में 24 घंटे व तहसीलों एवं नगर पंचायतों में 22 घंटे बिजली आपूर्ति की उठाई मांग**



■ महोबा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राष्टीय व प्रदेश अध्यक्ष नेताओं के निर्देश पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक दर्जन कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर बिजली की हो रही कटौती से जिले के किसान, विद्यार्थी व आमजन को हो रही परेशान के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौंपकर बिजली कटौती को तत्काल बंद कराए जाने सहित अन्य समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग गई है।

अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों का गुस्सा शनिवार कोफूट पड़ा। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोलते हुए पावर कॉरपोरेशन और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ऊर्जा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की साथ ही विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिले में बिजली की भारी कटौती विभाग द्वारा की जा रही है। इस अद्योषित कटौती के चलते कामगार, विद्यार्थी, आमजन के साथ साथ किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के चलते किसान खेतों में बोई गई फसलों की ट्यूबवेलों से सिंचाई नहीं कर पा रहे है, वहीं बिजली कटौती के चलते पेयजल सप्लाई पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिसके चलते जिले वासी इस उमस भरी गर्मी के चलते बेहाल हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने कहा कि निर्धारित किए गए समयानुसार जिले वासियों को बिजली मयस्सर हो नही हो पा रही है, जिससे जिले के कारोबारी भी इस बिजली कटौती की जद में आकर अपने अपने प्रतिष्ठानों में हाथ पर हाथ धरे बैठने को मजबूर हैं। बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों को उठानी पड़ रही खेतों में खरीफ फसल की बुवाई करने के बाद वह बिजली न आने से ट्यूबवेल चलाकर पानी नहीं लगा पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान होने का डर सता रहा है। कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय में 24 घंटे, तहसीलों एवं नगर पंचायतों में 22 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की ज्ञापन में मांग की गई है। जिले के जर्जर हो चुके बिजली पोल व तारों को तत्काल बदलवाए जाने की मांग की गई है। प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के संतेष कुमार धुरिया, जिला सचिव बिन्द्रावन कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष चरखारी नंदराम मुखिया, जिला महासचिव महेश अहिरवार, न्याय पंचायत अध्यक्ष देवसिंह राजपूत, सचिन कुमार, दयाराम कुशवाहा सहित तमाम कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 245 में से 22 शिकायतों का सम्पूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मऊ में सम्पन्न हुआ।

उन्होने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति निस्तारण से संतुष्ट हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस मऊ में 245 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 22 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने चक रोड अतिक्रमण तथा भूमि संबंधी मामलों पर उप जिलाधिकारी मऊ से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर चकरोड की भूमि, अतिक्रमण एवं भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये।

# मुख्य अभियंता विद्युत कार्यालय में सात कर्मचारी मिले गैरहाजिर

- डीएम के निर्देश पर जनपद के कार्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण
- कुछ कार्यालयों में आउट सोर्सिंग कर्मचारी भी गैरहाजिर मिले

**बांदा।** जनपद के सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की समय से आवाजाही और कार्यप्रणाली पर डीएम ने गौर किया। शनिवार को डीएम ने जनपद के तमाम सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करवाया। इस दौरान मुख्य अभियंता विद्युत कार्यालय में सात कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इसके साथ ही अन्य कार्यालयों में भी आउट सोर्सिंग कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए।

अधिकारियों की टीम ने डीएम के निर्देश पर रजिस्ट्री कार्यालय, तहसील सदर, परिवहन कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मुख्य अभियंता विद्युत माध्यमिक मंडलीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। रजिस्ट्री कार्यालय, तहसील सदर बांदा, परिवहन कार्यालय का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण अपर जिला अधिकारी न्यायिक एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यालय उप निबंधक में सुबहि 10 बजकर 35 मिनट पर सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए, जिसमें दो कर्मचारी नियमित और 10 कर्मचारी आउट सोर्सिंग के मिले। सब रजिस्ट्रार को निर्देश दिए गए कि सभी कर्मचारियों का आईडी कार्ड बनवाया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्य करते हुए नहीं पाया गया। तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान धारा 34 की विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन किया गया, जिन पर आदेश होना पाया गया, उनका नियमानुसार परवाना जारी कराए जाने के निर्देश दिए गए। खतौनी वितरण केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। शनिवार को लगभग 75 खतौनियों का वितरण पाया गया। कोई अनाधिकृत व्यक्ति नहीं मिला।

इसी तरह सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में आरटीओ व एआरटीओ सहित सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। मुख्य अभियंता विद्युत माध्यमिक मंडलीय कार्यालय चिल्ला रोड के निरीक्षण में नियमित स्टाफ 9 में से 2 कर्मचारी उपस्थित पाए गए। 7 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत 12 कर्मचारियों में से चार कर्मचारी उपस्थित मिले। जबकि आठ कर्मचारियों का अता-पता नहीं था। इसी परिसर में स्थित सैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय में 14 में से 8 कर्मचारी उपस्थित मिले और 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। विद्युत विभाग में महेश सिंह नाम का एक अनाधिकृत व्यक्ति कार्य करते हुए पाया गया, अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि अमरचंद्र गुप्ता सीए बाबू ने इसको लगवाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में निरीक्षण के दौरान 8 कर्मचारी नियमित पाए गए तथा 6 कर्मचारी सम्बद्ध व 3 कर्मचारी आउटसोर्सिंग से उपस्थित मिले। कार्यालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्य करते हुए नहीं मिला। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में 30 कर्मचारी उपस्थित पाए गए। जबकि विकास प्राधिकरण में निरीक्षण के दौरान 10 कर्मचारी उपस्थित मिले।

# साहबजादो! बहुसंख्यक मुस्लिमों से अपनी कुर्सी बचा लोगे?

नोआखाली, नोआखाली। हाय नोआखाली! पाकिस्तान निर्माण का प्रथम प्रयोग तुम्हारे ऊपर ही हुआ था। नहीं-नहीं, गलत कहा, प्रथम सफल प्रयोग। क्योंकि, प्रथम प्रयोग तो कोलकाता में हुआ था। परंतु वह प्रयोग विफल रहा। तब तुम्हें चुन लिया गया था। उस दिन हत्यारों के हाथ से हम लोग तुम्हें नहीं बचा पाए। नहीं। हम में से कोई नहीं बचा सका। ना प्रगतिशील लोग बचा सके, ना अहिंसावादी, ना क्रांतिकारी, ना मार्क्सवादी, ना धर्मनिरपेक्षतावादी, ना सर्व धर्म समन्वय के लोग, यहाँ तक कि हिंदुत्ववादी लोग भी तुम्हें बचा नहीं सके। हमारे सभी ज्ञान और सभी प्रयासों के बावजूद तुम्हारे ऊपर पाकिस्तान निर्माण का सफल प्रयोग कर लिया गया।



शाहीन सबा

कोलकाता में असफल होने के बाद, ओ नोआखाली, हत्यारों ने तुम्हें चुन लिया था। कोलकाता से बहुत दूर, श्यामला बंगाल की प्रकृति की हरी-भरी गोद में बसी, इतनी दूर कि तुम्हारी पीड़ा और रुदन को कोलकाता और दिल्ली तक पहुंचने में जैसे वर्षों लग जाएं। पद्मा और मेघना के संगम, नदी-नहरों के मिलन स्थल, सुपारी और नारियल की शीतल छाया, चारों ओर हरियाली से घिरी हुई तुम, नोआखाली! किंतु, सिर्फ तुम्हें ही क्यों चुन लिया गया, नोआखाली? क्यों? क्या दोष था तुम्हारा? क्या था तुम्हारा अपराध? कभी खुद से पूछा है? क्या कोई उत्तर मिला है? मालूम नहीं, कुछ मिला है कि नहीं। परंतु इतिहास का छात्र, या कोई भी छात्र, यदि उसकी आंखों पर कोई रंगीन चश्मा ना हो, तब कहेगा कि तुम्हारा एक ही अपराध था। वह था कि तुम्हारी गोद में मात्र 18 प्रतिशत ही हिंदू थे। बाकी सब? अहिंदू। इसलिए तुम्हें चुन लिया गया था रहमत अली, इकबाल और जिन्ना के विचारों के प्रयोग-स्थल के रूप में। पोस्टमार्टम सीखने वाले मेडिकल के छात्रों के गिनी पिग की तरह। माटी जिनके लिए मां नहीं, मां जिनके लिए जमीन का टुकड़ा मात्र, संपत्ति मात्र। इसलिए जैसे जमीन को बांट सकते हैं, वैसे ही मां को भी बांटा जा सकता है। इसी विचार के उद्गाता थे ये तीनों। और जुड़वा द्वेषवाद की दुहाई देकर इन विचारों को निर्लज्ज समर्थन दिया था कम्युनिस्टों ने, जिन्हें आज विश्व इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया गया हैं।

शांतनु सिंह की 'नोआखली-नोआखली' नामक बांग्ला पुस्तिका में तपन घोष द्वारा लिखी गई 'प्रकाशक की ओर' की पंक्तियाँ स्पष्ट रूप से बताती हैं कि बंगाल को भारत विभाजन की प्रयोगशाला बनाया गया था। इसके लिए पहले कोलकाता में हिन्दुओं का नरसंहार शासन के तंत्रों पर कब्जा कर किया गया। परंतु कोलकाता में असफल होने के बाद, नोआखली में यह प्रयोग अधिक तैयारी के साथ किया गया, क्योंकि वहां केवल 18 प्रतिशत हिन्दू थे। 1941 की जनगणना के अनुसार बंगाल में 53.4 प्रतिशत मुस्लिम और 41.7 प्रतिशत हिन्दू थे! इन आंकड़ों को याद रखिए। इस गणित ने भारत का भूगोल और इतिहास बदला है। 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत बंगाल में प्रधानमंत्री की नियुक्ति अंग्रेजों ने प्रारम्भ की। 1937 से 1947 तक बंगाल के तीन प्रधानमंत्री हुए। फजलुल हक, ख्वाजा निजामुद्दीन और सुरावर्दी। बंगाल के प्रधानमंत्री के रूप में फजलुल हक ने मार्च 1940 के लाहौर अधिवेशन, जिसे पाकिस्तान अधिवेशन भी कहते हैं, में एक प्रस्ताव रखा जिन क्षेत्रों में मुसलमान संख्यात्मक रूप से बहुमत में हैं, जैसे कि (ब्रिटिश) भारत के उत्तर पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में, उन्हें स्वतंत्र राज्य बनाने के लिए समूहीकृत किया जाना चाहिए, जिसमें घटक इकाइयाँ स्वायत्त और संप्रभु होनी चाहिए। और सुरावर्दी? इन साहब ने तो 1946 के 'ग्रेट कोलकाता किलिंग्स' से हिन्दू नरसंहार का कीर्तिमान बनाया। 1937-47 पुरे एक दशक बंगाल के प्रधानमंत्री मुस्लिम रहे और इसी कालखंड में विभाजन की विभीषिका का षड्यंत्र रचा गया। क्या तत्कालीन राजनीती में कोई हिन्दू प्रभावी नेता नहीं थे? आप कल्पना कीजीए कि तत्कालीन परिस्थिति में बंगाल हिन्दू बहुल रहता और चुनावी प्रतिस्पर्धा में प्रभावशाली हिन्दू नेताओं की संख्या बहुमत प्राप्त कर पाती, चाहे वो कांग्रेस के होते या हिन्दू महासभा के, तो क्या लाहौर अधिवेशन में फजलुल हक़ मुस्लिम लीग यानि मुसलमानों के राजनैतिक एवं आधिकारिक प्रतिनिधि की हैसियत से जफरुल्लाह खान द्वारा लिखित प्रस्ताव पेश कर पाते? या कि सुरावर्दी पुलिस-प्रशासन को नियंत्रित कर 'डायरेक्ट एक्शन डे' या 'ग्रेट कोलकाता किलिंग्स' का संचालन कर पाता?

**सुनो भाई साधो! वर्ष 1 अंक 3**

हम लोग 78वां स्वाधीनता दिवस मनाने जा रहे हैं। पर इस स्वाधीनता की बहुत बड़ी कीमत हमारे बंग भूमि के हिन्दुओं ने चुकाई है। उस इतिहास को पढ़ना, मंथन करना और उससे सिख ले कर जनजागृति करना हम सबका कर्तव्य है। कोलकाता किलिंग्स और नोआखली के बारे में पढ़िए। तब आपको ज्ञात होगा कि पाकिस्तान निर्माण की प्रयोगशाला में लाखों जिंदगियों को कैसे झोंक दिया गया और हम प्रत्येक 15 अगस्त को 'दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल' गाते-बजाते हैं! तब के गाँधी ने भी हिन्दुओं को उनकी हालात पर सिर्फ छोड़ ही नहीं दिया था, बल्कि 'आखिरी और सबसे बड़ा प्रयोग' किया। उन्होंने कहा प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है कि वह बदले की भावना न रखे। हिंदुओं को असहाय होकर नहीं मरना चाहिए, बल्कि बहादुरी से और बिना शिकायत के मौत का सामना करना चाहिए। (अमृत बाजार पत्रिका, 18.10.1946) महात्मा जी यहीं तक नहीं रुकते। फ्रीडम एट मिडनाइट के 17 वें अध्याय, पृष्ठ 479 के अनुसार 'उन्होंने पंजाब की बलात्कार पीड़ित लड़कियों को सलाह दी कि वे अपनी जीभ को दांतो से काट ले तथा अपनी सांसों को तब तक रोक कर रखें जब तक मृत्यु नहीं हो जाती'! गाँधी जी इतने संवेदनाशून्य कैसे हो सकते हैं?

मतांतरण, जबरन विवाह, और अनियंत्रित संतानोत्पत्ति के कारण मुसलमान नेतृत्व ने जनसंख्या वृद्धि तब भी की थी और आज भी कर रहा है, जिसमें शरणार्थी और अनुप्रवेश का नया तरीका भी जुड़ गया है। बंगाल में मुस्लिम बहुसंख्यक होते ही प्रधानमंत्री मुस्लिम बने, जिससे नरसंहार और बंटवारा हुआ। आज की स्थिति को समझने के लिए कांग्रेस के अधीर रंजन चौधुरी की युसूफ पठान से बहरमपुर लोकसभा में हार का उदाहरण लें। मुर्शिदाबाद में 66 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम जनसंख्या है, और 1952 से 2024 तक यहां के सांसद मुस्लिम ही रहे हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी मुर्शिदाबाद की सभी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी जीते। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह समस्या नहीं है, पर जब भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर हिंदुओं को भागीरथी में फेंकने की बात करते हैं, चोपड़ा के विधायक हमिदुल रहमान महिला पीड़ित को 'दुष्ट जानवर' तथा 'हमारे मुस्लिम राष्ट्र में तो ऐसा होता' कहते हैं, और कोलकाता के फिरहाद हाकिम गैर मुस्लिम को मुस्लिम बनाने की बात करते हैं, तब विषय गंभीर हो जाता है। इन घटनाओं को हल्के में न लें और न ही इसे राजनैतिक पक्ष-विपक्ष की अपनी दृष्टि से देखें। यह भारत के भविष्य से सम्बंधित एक गंभीर समस्या की चेतावनी है। स्वाधीनता पूर्व वामपंथियों ने और जोगेंद्र नाथ मंडल ने अलग देश का समर्थन किया और इतिहास ने उनकी बात मानने वाले हिन्दुओं और स्वयं जोगेंद्र मंडल को उनके आत्मघाती कदम का सत्य दिखा दिया है। इतिहास से सीखना आवश्यक है। स्वाधिनता पूर्व बंगाल का जो जनसंख्या विन्यास था आज का पश्चिम बंगाल उसके आसपास पहुंच गया है। सरकारी आंकड़े और वास्तविकता में जमीन आसमान का अंतर है। कई 'मीनी पाकिस्तान' बनाए जा चुके हैं। ऐसे क्षेत्रों में सामान्यतः हिंदुओं का आना जाना कम या बंद हो गया है। सरकार की शब्दावली में तो सब कुछ सही है पर वास्तविकता के धरातल पर जमीन खिसकने वाली है। ये जमीन जब खिसक जाएगी तो पश्चिम बंगाल के ही क्या भारत के वे सभी साहबजादे जो राजनीति की दुकान पर अपने पारिवारिक उत्तराधिकार के बाद बैठ गए हैं और सत्ता की रसमलाई खाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहते हैं वे इतिहास के अंकगणित को अच्छे से समझ लें। गणित बहुत निष्ठुर होता है। मुस्लिम जहां बहुसंख्यक हैं वहां आपका दल भले उनके सीटों की संख्या अपने साथ जोड़ ले पर उस क्षेत्र में उनकी स्वायत्त सत्ता वे काबिज कर चुके हैं। जहां उनकी चलती है। आप टिकट नहीं देंगे तो वे निर्दलीय लड़कर जितेंगे। जीते हैं। राजनैतिक महात्वाकांक्षा ने न नेहरू को तब विभाजित भारत के भविष्य की चिंता करने दी ना गांधी को अपने महात्मा बने रहने की माया ने हिंदुओं पर किए जा रहे बर्बर अत्याचार और षड्यंत्र को समझने दिया। जनता उन पर आश्रित थी। संवाद माध्यम कम थे और आज की तरह प्रभावी भी नहीं थे। जनता इनकी ओर देखती रही और देश खून की नदियों की धारा से बंट गया। आज संवाद माध्यम मजबूत है, सर्वसुलभ है और तेज गति से सूचनाएं प्रसारित की जा सकती हैं। आइए, बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी के कारण बंगाल और पंजाब को काटकर पाकिस्तान और बांग्लादेश बनाए जाने के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का भगीरथ प्रयास करें। याद रखिए पाकिस्तान और बांग्लादेश मुस्लिम जनसंख्या वाला भारत ही हैं, जहां हिन्दू अब एक 'संरक्षित जीव' की श्रेणी में आ गया है। अपने-अपने क्षेत्र के साहबजादों से पूछिए कि वे बहुसंख्यक मुस्लिमों से अपनी कुर्सी बचा पाएंगे ना? आप स्वयं से भी पूछिए 'अगर मुस्लिम बहुसंख्यक हो जाएंगे तो क्या होगा?'

## साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

ज्योतिर्विद * ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

### रविवार 04 अगस्त से शनिवार 10 अगस्त 2024 तक

विक्रम सम्वत 2081 कालयुक्त नाम संवत्सर, शकाब्द 1946 कलि संवत्सर 5125 सूर्य दक्षिणायन। रविवार श्रावण कृष्ण अमावस्या से शनिवार श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि तक। **रविवार 4 अगस्त :** श्रावणी अमावस्या हरियाली अमावस्या का लोक उत्सव। तमिल क्षेत्र में भी यह आदि अमावसाई नाम से प्रचलित, दर्श अमावस्या। आज रविवार को अमावस्या अपरान्ह 4:42 बजे तक है। **सोमवार 5 अगस्त :** श्रावण

**व्रत उत्सव**

शुक्ल पक्ष आरंभ, श्रावण सोमवार व्रत, प्रदोष व्रत की तरह करना चाहिए। **मंगलवार 6 अगस्त :** मंगला गौरी व्रत। **बुधवार 7 अगस्त :** हरियाली तीज का लोक उत्सव, इस दिन गांवों में झूला गीतों का भी चलन है। **गुरुवार 8 अगस्त :** शुक्ल पक्ष की मध्यान्ह कामनी चतुर्थी में आज गणेश चतुर्थी व्रत। **शुक्रवार 9 अगस्त :** श्री नाग पंचमी व्रत नागदेव पूजन। **शनिवार 10 अगस्त :** पुराणोक्त कल्कि जयंती षष्ठी तथा स्कन्द स्वामी कार्तिकेय षष्ठी। **अगले सप्ताह:** रविवार 11 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रावण युक्त सप्तमी को तथा रविनी सप्तमी सूर्य मंत्र जप हेतु उपयुक्त।

**आकाश दर्शन और मौसम**

सुबह के पहले पूरब में- शनि ग्रह रात नौ बजे पूरब में उदित होकर सुबह दक्षिण के मद्य आकाश में दिख रहा है। मंगल ग्रह रात 1 बजे के लगभग पूरब में उदित होकर सुबह के पहले दक्षिण पूरब में दिख रहा है। शाम को पश्चिम में शुक्र लगभग आठ बजे पहले अस्त हो रहा है। यह शुक्र उदित दिन में 7 बजे हो रहा है पर प्रकाश के कारण दिखेगा नहीं। आकाश स्वच्छ होने पर ही इस सप्ताह के ग्रह दिखेंगे।

**व्यापार भविष्य**

सप्ताह के आरंभ में अधिकतर तेजी का ग्रह योग शेयर मार्केट में है। बुध-शुक्रवार के लगभग आकस्मिक मंदी और अस्थिरता लगभग सभी शेयरों में सम्भावित है। खासकर हैवी मशीनरी, बिल्डिंग मेटीरियल्स, फर्टिलाइजर्स और कंजूमर गुड्स के शेयरों में।

**मेष-** सप्ताह के आरंभ में सामाजिक व्यस्तता के साथ-साथ घर परिवार की चिताओं के समाधान में भी समय देना पड़ेगा। किसी नई वस्तु की खरीद पर भी विचार होगा। सप्ताह मध्य बुधवार के लगभग आपकी कोई योजना विलंब ग्रस्त हो सकती है इसके पीछे आपका बार बार कार्य स्थगित करना ही कारण रह सकता है। वृद्ध वरिष्ठजन की ओर से भी कोई तात्कालिक चिंता सकती है जिसका समाधान अगले सप्ताह हो जाएगा। शुक्रवार के आसपास दूसरों के ईर्ष्या द्वेष के कारण क्लेश पीड़ा हो सकती है अथवा कोई अन्य छुपी चिंता भी रह सकती है। लाभ और सफलता की दृष्टि से रविवार सोमवार गुरुवार और शनिवार सप्ताह के अनुकूल और प्रसन्नता दायक दिन रहेंगे।

**वृष-** आपकी राशि का स्वामी शुक्र इन दोनों सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में चमक रहा है यह आपके संपर्क क्षेत्र बढ़ाएगा। उपयोगी खबर भी इस सप्ताह मिल सकती है। किसी मौलिक और लोकप्रिय कार्य के लिए आपकी प्रशंसा भी इस सप्ताह हो सकती है। व्यापार में अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं जिसमें किसी मित्र की अच्छी भूमिका रहेगी। संपत्ति की देखभाल पर तथा बदलते हुए मौसम के कारण स्वास्थ्य की देखभाल पर अधिक ध्यान देना पड़ सकता है; नित्य क्रम में अस्थाई बदलाव होने या छुट्टी लेने का ग्रह योग है। सप्ताह के आखिर में मन कुछ अशांत रह सकता है इससे निर्णय करने में कठिनाई रह सकती है। ऐसी स्थिति में ध्यान साधना करें या मित्र से सलाह लें। कामकाज में सफलता और व्यापार लाभ की दृष्टि से यह पूरा सप्ताह अधिकतर अनुकूल है।

**मिथुन-** इस सप्ताह धन वृद्धि का ग्रह योग है जो आपके कारोबार के अनुसार घटित होगा। वैसे भी आपकी राशि का स्वामी से धन स्थान पर से संचार कर रहा है जो विविध माध्यम से धन वृद्धि कारक है। इस सप्ताह घर में किसी आयोजन होने का और रुचिकर व्यंजनों की प्राप्ति का ग्रह योग भी है जो इस सप्ताह की विशेषता हो सकती है। इस सप्ताह बुधवार के आसपास प्रस्तावित लघु यात्रा में पुराने कार्य के कारण विलंब हो सकता है। व्यापार रोजगार में इस सप्ताह के शुरू में रविवार सोमवार और शनिवार अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभदायक दिन रहेंगे। शुक्रवार के आसपास पारिवारिक या सामाजिक तनाव उभर कर दूर होगा।

**कर्क-** पश्चिम दिशा में आपकी राशि इन दिनों सूर्य बुध शुक्र के साथ उदित हो रही है। इनमें से आप शुक्र ग्रह को सूर्यास्त बाद देख भी सकते हैं। यह योग खर्च बढ़ाने के साथ साथ धन प्राप्ति भी कराएगा। आपको अपने कार्य क्षेत्र के अनुसार इस सप्ताह अच्छी लोकप्रियता मिलेगी। मंगलवार बुधवार के लगभग स्वास्थ्य कष्ट, किंचित निराशा की मन-स्थिति बन सकती है। ऐसा लगने पर मित्रों की संगति करें एकांत में नहीं रहें। निजी और व्यापार रोजगार की दृष्टि से सप्ताहांत यात्रा होने का योग हैं संचार संवाद के संसाधनों के उपयोग में कुछ अस्थाई दिक्कत आ सकती है। रविवार सोमवार, गुरु, शनिवार प्रसन्नता सफलता लाभ दायक हैं।

**सिंह-** यह सप्ताह कुछ अधिक खर्च और व्यस्तता वाला रह सकता है। स्वयं के स्वास्थ्य पर और निकट संबंधी की देखभाल पर धन साधन और समय का व्यय बढ़ सकता है। घुटनों कमर में पीड़ा वात व्याधि का ग्रह संकेत भी इस सप्ताह है। कार्यक्षेत्र में अपेक्षित सफलता और लाभ पाने के लिए इस सप्ताह आपको कुछ अधिक मेहनत करना पड़ सकती है। सप्ताह के आखिर में घर के किसी सदस्य के कार्य से या व्यवहार से क्लेश उभर सकता है इसलिए मतभेद नहीं बढ़ने दें। रवि सोम मंगल शनिवार लाभ और सफलता के लिहाज से माफिक दिन हैं।

**कन्या-** सप्ताह के शुरू में आकस्मिक प्रसन्नता के प्रसंग होने का, आनंददायक मुलाकात होने का ग्रह संकेत है। आपके कार्य की तारीफ होगी और व्यापार रोजगार में लाभ भी अच्छा हो सकेगा। मंगल बुधवार के लगभग कार्य बाधा रहने, देरी होने खर्च बढ़ने का संकेत प्रबल है। सप्ताह के शेष अधिकतर इरादों में सफलता और व्यापार रोजगार में लाभदायक हैं यद्यपि शुक्रवार कुछ गलतफहमी के कारण भ्रम और क्लेश दे सकता है।

**तुला-** सप्ताह की शुरुआत शुक्र चंद्र योग से हो रही है। यह योग पश्चिम के संध्या समय के आकाश में यद्यपि आपको दिखेगा नहीं। इससे आपकी मित्रता का दायरा बढ़ेगा, उद्योग धंधे में उन्नति के नए अवसर और प्रस्ताव भी मिल सकते हैं। इस सप्ताह के बुधवार और शनिवार कुछ न कुछ उलझन विलंब या तनाव कारक रह सकते हैं। शेष सप्ताह अधिकतर प्रसन्नता और आपकी स्थिति अनुसार धन साधन साख सम्मान दायक रहेंगे।

**वृश्चिक-** आपके किसी पहले के कार्य को मान्यता मिलने से और धनलाभ बढ़ने के संकेत मिलने से प्रसन्नता रहेगी। संचार संवाद के नए संसाधनों की प्राप्ति इस सप्ताह और शेष अगस्त में हो सकती है। कार्य क्षेत्र में आपको कुछ नया करने का यदि विचार है तो अगस्त मास इस लिहाज से उपयोगी रहेगा। मित्रों निकट संबंधी जनों से इस गुरु शुक्रवार की आकस्मिक गलत फहमी नहीं होने दें तथा अजनबी लोगों से संपर्क नहीं बढ़ाएं।

**धनु-** आपको इस सप्ताह अपनी उधारी वापस लेने का तथा मतभेद वाले मामले सुलझाने का प्रयास इस सप्ताह के आरंभ में करना चाहिए ग्रह संकेत इसमें सफलता की संभावना वाले हैं। कोई भूली बिसरी वस्तु भी इस सप्ताह के शुरू में मिल सकती है। सप्ताह मध्य पुरानी स्वास्थ्य चिंताएं उभर सकती हैं इसलिए अधिक कार्य व तनाव से बचें। यात्रा में प्रवास पर होने की स्थिति में कुछ विलम्ब संभावित है। रवि, सोम, गुरु, शनिवार उत्तम व लाभ दायक दिन हैं।

**मकर-** व्यापार रोजगार में इस सप्ताह आप अपनी बुद्धि व बल पर दूसरों से आगे आने में सफल होंगे। विरोधी वर्ग को भी आप सन्तुष्ट प्रसन्न करने में सफल होंगे। सप्ताह मध्य आर्थिक पारिवारिक बाधाएं आ सकती हैं पर इसी के समानान्तर आपको दूसरों के अधिकार या सम्पत्ति के उपयोग का अस्थायी पदोन्नति का अवसर भी मिल सकता है। रवि, सोम, गुरुवार उत्तम दिन हैं।

**कुंभ-** सप्ताह के शुरू में मौसम के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। आलस्य लापरवाही की वृत्ति भी रह सकती है जो कार्य में विलम्ब कराएगी। सप्ताह के आखिर में मन अशांत रहेगा तथा आप अपनी स्थिति का सही उपयोग करने से कठिनाई का अनुभव करेंगे। शुक्रवार के आसपास चन्द्र केतु योग कुछ तनाव क्लेश भी दे सकता है। सप्ताह के आरंभ में चन्द्र शुक्र योग आपको आर्थिक लाभ देगा तथा देनदारी भी निपटाएगा। रवि, सोमवार, मंगलवार, गुरुवार उत्तम व लाभकारी दिन हैं।

**मीन-** आपकी व्यवहार कुशलता की तारीफ होगी। आपकी प्रवृत्ति इस सप्ताह के शुरू में सामाजिक कार्यों में तथा फैशन डिजाइन की वस्तुओं में कुछ अधिक ही बढ़ सकती है। सन्तान पक्ष की मांगों पर भी खर्च होगा। सप्ताह मध्य पुरानी चिंता या स्वास्थ्य कष्ट उभर सकता है जिसका समाधान शीघ्र हो जाएगा। सप्ताह के आखिर में दाम्पत्य जीवन में तथा साझे के कार्य में किसी तीसरे की दखल अंदाजी से मतभेद हो सकते हैं। रविवार, सोमवार, मंगलवार, शनिवार सप्ताह के उत्तम और लाभदायक दिन रहेंगे।

**हरियाली अमावस्या पर विशेष**

# शिव शंकरी का प्राकट्य और भारतीय पर्यावरण दिवस

विक्रम संवत् 2081 श्रावण कृष्ण पक्ष की उदया तिथि अमावस्या तदनुसार 4 अगस्त को रविवार का दिन है जो सनातन में हरियाली अमावस्या के नाम से शिरोधार्य है।



डॉ. आनंद सिंह राणा

हरियाली अमावस्या को जहाँ विविध धार्मिक प्रयोजनों के लिए अतीव कल्याणकारी है तो वहीं दूसरी ओर भारतीय पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण दिवस के नाम से प्रसिद्ध है। सच तो यह है कि 5 जून को भारत में विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का कोई औचित्य समझ नहीं आता है क्योंकि 5 जून को भारत में ग्रीष्म ऋतु होती है इसलिए पौधारोपण और अन्य प्रयोजनों के लिए अनुकूल वातावरण ही नहीं होता है। अतः हम सभी भारतीयों के लिए हरियाली अमावस्या ही विश्व पर्यावरण दिवस होना चाहिए।

प्रचलित संवत् के अनुसार अमावस्या तिथि रविवार शाम 4 बजकर 43 मिनट तक रहेगी। 4 अगस्त को सुबह 10 बजकर 38 मिनट तक सिद्धि योग रहेगा। साथ ही रविवार दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक पुष्य नक्षत्र रहेगा, उसके बाद अश्लेषा नक्षत्र लग जाएगा।

वस्तुतः हरियाली अमावस्या का आध्यात्मिक रुप से महादेव के शिव शंकरी (उमा शंकरी) स्वरुप से गहरा संबंध है। शैवोपासक शाक्त परंपरा में तो शिव शंकरी संप्रदाय भी है। उत्तराखंड चमोली में कर्ण प्रयाग में उमा शंकरी का मंदिर,कैलहट में शिव शंकरी धाम, तथा भेड़ाघाट जबलपुर में मंदिर भी हैं। जबलपुर में तो कलचुरि वंश के राजाओं ने हरियाली अमावस्या पर उमा महेश्वर की प्रतिमाओं की स्थापना और सिक्के भी जारी किए थे। श्रीलंका में शांति के स्वर्ग के नाम शिव शंकरी स्वरूप का मंदिर है। ऐंसी मान्यता है कि शंकरी देवी मंदिर की स्थापना स्वयं रावण ने की थी। यहां भगवान शिव का मंदिर भी है, जिन्हें त्रिकोणेश्वर या कोणेश्वरम कहा जाता है, इसलिए इस स्थान का महत्व शिव और शक्ति, दोनों की पूजा में है। दरअसल, इस भव्य मंदिर को 17वीं शताब्दी में पुर्तगाली आक्रमणकारियों ने ध्वस्त कर दिया था, जिसके बाद इसके एकमात्र स्तंभ के अलावा यहां कुछ भी नहीं था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दक्षिण भारत के तमिल चोल राजा कुलाकोट्टन ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, तो 1952 में श्रीलंका में रहने वाले तमिल हिंदुओं ने इसे वर्तमान स्वरूप दिया। आदिशक्ति यहां शंकरी के रूप में स्थित हैं जो शिव की अर्धांगिनी हैं। खड़ी मुद्रा में स्थित इस प्रतिमा के 4 हाथ हैं। उनके चरणों के समीप ताम्बे का दो आयामी श्री चक्र रखा हुआ है। वहीं उनकी प्रतिमा के समक्ष तीन आयामी श्री चक्र खड़ा है।पंच ईश्वरम् अर्थात 5 प्रमुख शिव मंदिरों में से एक कोनेश्वरम मंदिर भी निकट ही स्थित है। थिरुकोनेश्वरम के नाम से भी जाना जाता यह मंदिर त्रिंकोमाली का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर है। यह कम से कम रामायण के युग से अस्तित्व में है क्योंकि रावण एवं उसके इस मंदिर से सम्बन्ध की कई कथाएं सुनी गई हैं। एक कथानुसार रावण का अनुग्रह स्वीकार करते हुए पार्वती शंकरी देवी के रूप में यहीं स्थिर हो गईं। भगवान शिव उनके संग यहां कोनेश्वर अर्थात पर्वतों के देव के रूप में निवास करते हैं। कुछ लोग थिरुकोनेश्वर का अर्थ 'त्रिकोण + ईश्वर' अर्थात 'तीन पर्वतों के ईश्वर' भी मानते हैं।



हमारे शास्त्रों में शिव शंकरी - उमा शंकरी के प्राकट्य का अत्यंत सुंदर वर्णन है। जब शिव पार्वती के स्वरुप में अभिव्यक्त होते हैं। यह रहस्योद्घाटन बृहदारण्यकोपनिषद्भाष्यम् के इस मंत्र का सार है और प्रजापति की इच्छा का प्राकट्य है - स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत् स हैतावानास यथा स्त्रीपुमांसौ सम्परिष्वक्तौ स इममेवात्मानं द्वेधाऽपातयत् ततः पतिश्च पत्नी चाभवतां तस्मादिदमर्धबृगलमिव स्व इति ह स्माह याज्ञवल्क्यस्तस्मादयमाकाशः स्त्रिया पूर्यत एव तां समभवत् ततो मनुष्या अजायन्त ॥ 3 ॥

हरियाली अमावस्या का मुख्य उद्देश्य भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करना है, साथ ही इस दिन पौधारोपण और प्रकृति संरक्षण को प्रोत्साहित किया जाता है। हरियाली अमावस्या का धार्मिक महत्व अनेक पुराणों और शास्त्रों में वर्णित है। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का श्रेष्ठ समय माना जाता है। हरियाली अमावस्या के दिन पौधारोपण का विशेष महत्व है। इस दिन दान-पुण्य का भी विशेष महत्व है। अन्न, वस्त्र, और धन का दान करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। निर्धनों और असहायों को भोजन कराना और उन्हें वस्त्र दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

**(लेखक इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत उपाध्यक्ष हैं)**

# क्यों बेबसी और उदासी की स्थिति में है दिल्ली

देश की राजधानी उदास है। एक बेबसी की स्थिति से गुजर रहे हैं राजधानी वासी। यहां हरेक शख्स के चेहरे पर दुख और गुस्से के मिले-जुले भावों को पढ़ा जा सकता है। इधर अपने हिस्से के आसमान को छूने का ख्वाब लेकर सैकड़ों मील दूर से आए तानिया सोनी, श्वेता यादव और नवीन डेलविन की ओल्ड राजेन्द्र नगर की बेसमेंट में पानी भरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। ये तीनों अभागे बेसमेंट में बनी राव स्टडी सर्किल की लाइब्रेयरी में बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। क्या आपने पहले कभी इस तरह का कोई हादसा सुना है, जब लाइब्रेरी में बैठे बच्चों की जीवनलीला खत्म हो गई हो? नहीं ना।



विवेक शुक्ला

ओल्ड राजेन्द्र नगर में जो कुछ घटा उससे दिल्ली मर्माहत है। दिल्ली उसी तरह से अंदर ही अंदर सिसक रही है जैसे वह उपहार अग्निकांड के बाद रोई थी। उपहार में 13 जून,1997 को जो कुछ हुआ था, उससे दिल्ली और देश दहल गया था। अब भी उपहार की खस्ता हालत में खड़ी इमारत को देखकर दिल्ली सिहर जाती है। उस हादसे को कैसे भुलाया जा सकता है।

यह सच है कि लगातार फैलती दिल्ली आमतौर पर अब किसी हादसे को लेकर कोई बहुत परेशान नहीं होती। इधर जिंदगी अपनी रफ्तार से आगे बढ़ती रहती है। संवेदनशीलता घटी है। यहां बड़े- भयानक हादसे कुछ दिनों के बाद भुला दिए जाते हैं। ईस्ट दिल्ली में बीते कुछ हफ्ते पहले एक अघिनकांड में कई नवजात शिशुओं की मौत भी चंद दिनों के बाद खबरों की दुनिया से गायब हो गई थी। फिर इधर की सामाजिकता भी घटी है। पर संभावनाओं से लबरेज तीन युवाओं की असामयिक मौत से राजधानी शोकाकुल है। सारे माहौल में उदासी है। सच में बड़ा ही बेबसी का आलम है। समझ नहीं आ रहा कि किससे शिकायत करें। कोई भी तो नहीं सुनता। ओल्ड राजेन्द्र नगर कतई सामान्य जगह नहीं मानी जा सकती। ये भारत की पहली शरणार्थी कॉलोनी है। देश के 1947 में विभाजन के बाद लाखों शरणार्थी दिल्ली में अपना सब कुछ लुटा सरहद के उस पार से आए थे। वे तब यहां-वहां सड़कों पर सोते थे। तब सरकार ने 1948 में ओल्ड राजेन्द्र नगर में 100-100 गज के घर 4-4 हजार रुपए में शरणार्थी परिवारों को दिए थे। ओल्ड राजेन्द्र नगर में रहने वाले परिवारों के पास विभाजन की त्रासदी से जुड़ी ढेरों दिल दहलाने वाली कहानियां हैं। ये अपने घरों, शहरों और गांवों को ही छोड़कर नहीं आए थे। इन्होंने उस विभाजन के दौर में भड़के दंगों में अपने कई जिगर के टुकड़ों को खोया भी था। ये अगस्त का महीना आते ही उस दौर में चले जाते हैं। पर अब उनके पड़ोस में जो कुछ हुआ उसने इन्हें रुला दिया है। आप किसी से भी बात कर लें, उनका गला रुंध जाता है तीनों बच्चों की अकाल मृत्यु की वजह से। बहरहाल, न्यू राजेन्द्र नगर तो शुरू से लेकर अब तक आवासीय कॉलोनी रहा, पर ओल्ड राजेन्द्र नगर तेजी से बदलता रहा। आप ओल्ड राजेन्द्र नगर में सिन्धी की मशहूर गायिका स्वर्गीय लज्जा भाटिया के घर के आगे से गुजरते हैं तो वहां उधेड़ उम्र के लोग तीन बच्चों की ही चर्चा करते हुए मिलते हैं। बेशक, ओल्ड राजेन्द्र नगर पर इस दिल दहलाने वाले हादसे के घाव लंबे समय तक रिसते रहेंगे। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)**

## पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 14 | 10 | 9 | 33 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 7 | 5 | 24 |
| 3. फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| 4. ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 10 | 12 | 32 |
| 5. अमेरिका | 9 | 19 | 18 | 46 |
| 47. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## भारत के आज के मैच

### निशानेबाजी

25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन पहला चरण: विजयवीर सिद्धू और अनीश (दोपहर 12.30 बजे से)

### हॉकी

भारत बनाम ब्रिटेन पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल: (दोपहर 1.30 बजे से)

### एथलेटिक्स

महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस पहला दौर: पारूल चौधरी (दोपहर 1.35 बजे से)

पुरुष लंबी कूद क्वालिफिकेशन: जेस्विन एल्ड्रिन (दोपहर 2.30 बजे से)

### मुक्केबाजी

महिला 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल: लवलीना बोरगोहेन बनाम चीन की लि कियान (दोपहर 3.02 बजे से)

### बैडमिंटन

पुरुष एकल सेमीफाइनल: लक्ष्य सेन बनाम विक्टर एक्सेलेसन (डेनमार्क ) (दोपहर 3.30 बजे से)

### सेलिंग

पुरुष डिंगी रेस सात और आठ: विष्णु सरवनन (दोपहर 3.35 बजे से)

महिला डिंगी रेस सात और आठ: नेत्रा कुमानन (शाम 6.05 बजे से)



एस्टोनिया के जेनेक ओइग्लेन, ग्रेनाडा के लिंडन विक्टर और नीदरलैंड के रिक टैम पेरिस में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स के पुरुषों की डेकाथलॉन 110 मीटर बाधा दौड़ के दौरान प्रतिस्पर्धा करते हुए।



जमैका के किशन थॉम्पसन (दूसरा आर) पेरिस 2024 में एथलेटिक्स के पुरुषों के 100 मीटर राउंड 1 के दौरान प्रतिस्पर्धा करते हुए।

# हैट्रिक लगाने से चूकीं मनु भाकर

## 25 मीटर पिस्टल में 28 अंकों के साथ रहीं चौथे स्थान पर

### कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों के साथ जीता गोल्ड

● पेरिस

**पेरिस** ओलंपिक 2024 में भारतीय महिला शूटर मनु भाकर का पदकों की हैट्रिक बनाने का सपना पूरा नहीं हो सका।

शनिवार को ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में 28 अंकों के साथ मनु को चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी रिपब्लिक ऑफ कोरिया की यांग जिन को मिला जबकि तीन बार विश्वकप की स्वर्ण पदक विजेता फ्रांस की निशानेबाज केमिली जेड्रेजेव्स्की को रजत एवं हंगरी की मेजर वेरोनिका को कांस्य पदक मिला।

भाकर पहले चरण के बाद दूसरे स्थान पर थीं जबकि सातवें चरण के अंत तक पदक की दावेदार बनी हुई थीं। आठवीं सीरीज में अपने पांच शॉट में से केवल दो (10.2 या अधिक का स्कोर) लगाने के बाद, भाकर शीर्ष तीन के लिए शूट-ऑफ में चली गईं जहां हंगरी की वेरोनिका मेजर ने उसे पीछे ढकेल दिया।

कोरिया की यांग जिन ने 37 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी करने से केवल एक अंक कम है। 10वीं सीरीज के बाद शूट-ऑफ के बाद फ्रांसीसी निशानेबाज केमिली जेड्रजेजेवस्की को रजत पदक



से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर इससे पहले दो कांस्य पदक हासिल कर इतिहास रच चुकी हैं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में पोडियम स्थान हासिल किया था। हरियाणा की 22 साल की भाकर ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं। शनिवार को उनसे पूरा देश तीसरे पदक की उम्मीद लगाये था मगर एलीमिनेशन राउंड के बाद वह अंतिम चार में ही अपना स्थान बना सकी।

इससे पहले उन्होंने इस 25 मीटर महिला पिस्टल इवेंट में शुक्रवार को प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वॉलीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था. उनकी फॉर्म और लय देखकर यह लग रहा था कि वह देश की झोली में शूटिंग से एक और मेडल डाल देंगी. लेकिन अंत में कुछ मायूसी हाथ लगी. हालांकि वह पहले ही एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन चुकी हैं.

# दीपिका और भजन कौर हारीं आर्चरी में चुनौती खत्म

● पेरिस

**भारत की** अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी और भजन कौर महिला व्यक्तिगत वर्ग में चुनौती पेश करने उतरी थीं। भजन कौर को जहां प्री क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की चोरुनिसा डियांडा के खिलाफ हार मिली। इसके साथ आर्चरी में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है।

भारत की 23वीं वरीय दीपिका ने अंतिम आठ के मुकाबले में मौजूदा खेलों की महिला टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता और दूसरी वरीय सुहियोन के खिलाफ 4-2 की बढ़त बना रखी थी लेकिन अंततः 4-6 (28-26, 25-28, 29-28, 27-29, 27-29 ) से हार गई जिससे तीरंदाजी में एक बार फिर भारत का अभियान पदक के बिना ही खत्म हो गया।

दीपिका ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की सातवीं वरीय मिशेल क्रोपेन को 6-4 (27-24, 27-27, 26-25, 27-27) से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में दीपिका ने पहला सेट 28-26 से आसानी से जीता। सुहियोन ने 10 अंक के साथ शुरूआत की लेकिन फिर दो निशाने आठ अंक पर लगाए। दीपिका ने दो नौ और एक 10 अंक के साथ सेट जीता था। दीपिका ने दूसरा सेट 25-28 से गंवाया। सुहियोन ने वापसी करते हुए दो बार नौ और एक 10 अंक जुटाया जबकि दीपिका ने 10, छह और नौ अंक के साथ सेट गंवा दिया और मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। दीपिका ने तीसरे सेट में वापसी करते हुए 29-



28 से जीत दर्ज की। दोनों तीरंदाजों ने 10 अंक के साथ शुरूआत की और फिर नौ-नौ अंक जुटाए। अंतिम प्रयास में सुहियोन के नौ के मुकाबले 10 अंक के साथ दीपिका ने फिर 4-2 की बढ़त बना ली। दीपिका ने चौथा सेट एक खराब निशाने के कारण 27-29 से गंवा दिया। दोनों तीरंदाजों ने 10 अंक के साथ शुरूआत की लेकिन फिर दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी के नौ अंक के मुकाबले दीपिका सात अंक ही जुटा सकी। सुहियोन ने 10 अंक के साथ मुकाबला 4-4 से बराबर किया।

पांचवें और निर्णायक सेट में भी कोरिया की निशानेबाज ने 10 अंक से शुरूआत की जिसके जवाब में दीपिका नौ अंक ही बना सकी। दूसरे प्रयास में सुहियोन और दीपिका दोनों ने नौ अंक जुटाए। कोरिया की निशानेबाज ने तीसरे प्रयास में 10 अंक के साथ सेट और मैच में जीत सुनिश्चित की।

## सार संक्षेप

### नरूका पुरुष स्कीट क्वालीफिकेशन में 24वें स्थान पर रहे

**पेरिस:** भारतीय निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका शनिवार को यहां क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। शनिवार को पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### सात्विक-चिराग के कोच मैथियास बो ने किया संन्यास का ऐलान



**पेरिस:** भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मैथियास बो ने पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के बाद अपने संन्यास की घोषणा की है। बो ने सोशल मीडिया पर कहा, मेरे लिए मेरे कोचिंग के दिन समाप्त होते हैं, मैं कम से कम अभी के लिए भारत या कहीं और कोचिंग जारी नहीं रखूंगा। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है। बो के सानिध्य में भारतीय जोड़ी सात्विक-चिराग ने कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में खिताब जीते जबकि विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। उन्होंने अपनी पोस्ट में सात्विक-चिराग की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पेरिस 2024 अभियान के बाद कहा, "मुझे पता है कि आप लोग निराश हैं, मुझे पता है कि आप भारत के लिए पदक वापस लाना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होना था। बो ने आगे कहा, "लेकिन आपके पास गर्व करने के लिए सबकुछ है, आपने इस ओलंपिक कैंप में कितनी मेहनत की है। आपने पिछले वर्षों में बहुत कुछ जीता है और आप भविष्य में भी बहुत कुछ जीतने जा रहे हैं।

# आईओसी अध्यक्ष का इमाने और यू टिंग को समर्थन

● पेरिस,

**शनिवार** को मुक्केबाज इमाने खलीफ और लिन यू टिंग के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक खुलकर आ गए है और उन्होंने इनकी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया है। बाक ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाज इमाने खलीफ और लिन यू-टिंग के खिलाफ नफरत की भाषा अस्वीकार्य है ।

अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ और ताइवान की लिन यू-टिंग के महिला वर्ग में भाग लेने पर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इन दोनों को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) द्वारा 2023 में भारत में आयोजित विश्व चैम्पियनशिप में महिला वर्ग में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगाया है। टोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में आईओसी कार्यबल इस खेल का संचालन कर रहा है। उस समय के उनके लिंग-आधारित परीक्षण



अब भी अनिर्दिष्ट और अप्रमाणित हैं। खेलीफ और लिन ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में भी प्रतिस्पर्धा की थी, लेकिन पदक नहीं जीत सके थे। बाक ने कहा, हमारे पास दो मुक्केबाज हैं जो महिलाओं के रूप में पैदा हुए हैं, जिनका पालन-पोषण महिलाओं के रूप में हुआ है, जिनके पास महिला के रूप में पासपोर्ट है और उन्होंने कई वर्षों तक महिलाओं के रूप में प्रतिस्पर्धा की है। कुछ लोग यह परिभाषित करना चाहते हैं कि कौन महिला है।

# मनु आपने कम उम्र में स्थापित की उल्लेखनीय विरासत: बिंद्रा

● नई दिल्ली

**बीजिंग** ओलंपिक 2008 के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने भारतीय महिला शूटर मनु भाकर का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि उन्होने मात्र 22 साल की उम्र में एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है।

मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर पिस्टल की व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर देश को गौरवान्वित किया है हालांकि शनिवार को वह 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में हैट्रिक पदक पर निशाना लगाने से चूक गयी और उन्हे चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

बिंद्रा ने मनु के प्रयास की सराहना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया मनु, आपने पूरे देश को अपनी अविश्वसनीय उपलब्धि की सराहना करने के लिए मजबूर कर दिया



है। तीसरा ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि होती, लेकिन आपने पेरिस में जो हासिल किया वह वास्तव में स्मारकीय है। आपकी यात्रा अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। मात्र 22 साल की उम्र में, आपने पहले ही एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है, और यह केवल शुरुआत है।'' गौरतलब है कि मनु भाकर ऐसी चौथी भारतीय निशानेबाज है जो मामूली अंतर से हार कर ओलंपिक में चौथी पायदान पर आयी हैं। इससे पहले मौजूदा ओलंपिक में भारतीय पुरुष शूटर अर्जुन बाबूता 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर आये थे जबकि 2012 के लंदन ओलंपिक में जॉयदीप कर्माकर को पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन में चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2008 के ओलंपिक गोल्ड मैडेलिस्ट अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में पदक जीतने से चूके थे।

# विक्टर के खिलाफ लक्ष्य को देना होगा शत-प्रतिशत

## पेरिस ओलंपिक में वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे नंबर के विक्टर एक्सेलसेन से होगा मुकाबला

● पेरिस,

**ओलंपिक** 2024 में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन किया है और वह मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को 19 -21, 21-15, 21-12 से हराया था। पहली बार कोई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक गेम्स में मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंचा है। अब लक्ष्य सेमीफाइनल मैच जीतकर कम से कम सिल्वर मेडल पक्का करना चाहेंगे।

22 साल के लक्ष्य सेन का सेमीफाइनल में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक 2020 के चैम्पियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से होगा। विक्टर फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं और वह दो बार विश्व चैम्पियनशिप जीत चुके हैं। उधर भारत के लक्ष्य सेन की रैंकिंग 22 है। लक्ष्य और एक्सेलसेन का सेमीफाइनल मैच 4 अगस्त (रविवार) को भारतीय समयानुसार दोपहर 3 ।30 बजे से खेला जाना है। पीवी सिंधु के साथ ही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी के हारने के बाद अब पेरिस ओलंपिक में



बैडमिंटन में सारी उम्मीदें लक्ष्य पर टिकी हैं।

वैसे लक्ष्य सेन के लिए सेमीफाइनल मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। एक्सेलसेन और लक्ष्य के बीच अब तक आठ मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से सात में डेनमार्क के शटलर ने बाजी मारी। लक्ष्य केवल एक मौके पर ही एक्सेलसेन को हरा सके। एक्सेलसेन के खिलाफ लक्ष्य को एकमात्र जीत साल 2022 में जर्मन ओपन में मिली थी, जिसमें उन्होंने तीसरा गेम 22-20 से जीतकर मैच अपने नाम किया था। यह दो साल पहले की बात है, लेकिन इससे लक्ष्य को यह भरोसा मिल सकता है कि एक्सेलसेन उनके लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं हैं।

देखा जाए तो लक्ष्य सेन और विक्टर एक्सेलसेन के बीच पिछला मुकाबला इस साल की शुरूआत में सिंगापुर ओपन में हुआ। उस टूर्नामेंट के राउंड-32 में दोनों की मुलाकात हुई थी। तब तीन गेम तक चले मैच में एक्सेलसेन ने 21-13, 16-21, 21-13 से जीत हासिल की थी। लक्ष्य के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि इस साल एक्सेलसेन उतने लय में नहीं दिखे हैं। वह कुछ प्रमुख टूनामेंट्स में जल्दी ही बाहर हो गए। विक्टर एक्सेलसेन और लक्ष्य सेन इस बड़े स्टेज पर पूरी ताकत झोंकने वाले हैं। एक्सेलसेन नेट पर तेज आदान-प्रदान, ड्रॉप शॉट और कोर्ट में गहराई से बड़े स्मैश करने में माहिर हैं। साथ ही एक्सेलसेन को शॉट-मेकिंग भी काफी पसंद है। इससे उन्हें रैली में बने रहने और डिफेंसिव खेलने बजाय रैलियों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। लक्ष्य सेन को विक्टर के खिलाफ अपना शत प्रतिशत देना होगा। चोउ टिएन चेन के खिलाफ लक्ष्य ने जैसा खेल दिखाया, उसे इस मैच में भी दोहराना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि लक्ष्य ऐसा करने में सक्षम हैं। वह दुनिया के बेस्ट डिफेंसिव खिलाड़ियों में से एक है। लक्ष्य ने चोउ के खिलाफ डिफेंस और अटैक का जो मिश्रण दिखाया, वह काफी शानदार रहा। लेफ्ट से राइट की ओर क्रॉसकोर्ट स्मैश ने लक्ष्य के लिए क्वार्टर फाइनल में वास्तव में अच्छा काम किया था।

# जमशेदपुर एफसी के खिलाफ चेन्नईयिन एफसी वापसी की कोशिश में

● जमशेदपुर,

**चेन्नईयिन** एफसी रविवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डूरंड कप के ग्रुप डी मुकाबले में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य अपनी पहली जीत दर्ज करना और नॉकआउट की दौड़ में बने रहना होगा।

चेन्नईयन को अपने पहले मैच में इंडियन आर्मी एफटी के खिलाफ मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पहले हाफ के आखिर में उन्हें एक गोल करना पड़ा। दूसरे पीरियड में स्कोर बराबर करने के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद चेन्नईयिन बराबरी का गोल नहीं कर सका जिससे वे पहले दौर के मैचों के बाद ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे।

सहायक कोच नोएल विल्सन ने कहा, "एक टीम के तौर पर पिछले मैच में हमने आक्रामक रुख अपनाया और खास तौर पर दूसरे हाफ में कई मौके बनाए। लेकिन एक बार जब आप मौके बना लेते हैं तो आपको उनका इस्तेमाल करना चाहिए और गेंद को गोल में डालने की कोशिश करनी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि अगले गेम में हमें मौके बनाने चाहिए और मौकों का इस्तेमाल करते हुए गोल करने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि जब तक आप गोल नहीं करते तब तक आपका डिफेंस हमेशा दबाव में रहता है।" मेजबान जमशेदपुर के खिलाफ जीत से चेन्नईयिन अपने आईएसएल समकक्षों से आगे निकल सकता है, बशर्ते स्कोरलाइन और दूसरे गेम का नतीजा उनके पक्ष में हो। तीन गेम के बाद, ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें दो सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान वाली टीमों के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगी।

विल्सन ने कहा "मुझे लगता है कि हमारे लिए बचे हुए दोनों मैच बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें जाना है और हमें यह मैच जीतना है।

हम एक अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेल रहे हैं। लेकिन फिर एक बार जब हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में मिलकर कड़ी मेहनत करते हैं और अपने द्वारा बनाए गए मौकों का फायदा उठाते हैं तो मुझे लगता है कि चीजें बदल सकती हैं क्योंकि अगर आप अगला मैच जीतते हैं तो तीसरा मैच खेलने पर हमेशा एक मौका होता है।

उन्होंने कहा, "इसलिए हमारे पास क्वालीफाई करने के मौके हैं, लेकिन फिर हमें क्वालीफाई करने के लिए मैच जीतने होंगे और इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी और अगले मैच में अच्छा परिणाम पाने की कोशिश करनी होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK